卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐ॐ 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 126 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦10 फरवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# सरकार के खिलाफ युवाओं का हल्ला बोल जारी

## प्रदेश भर में जगह जगह प्रदर्शन, देहरादून में जिलाधिकारी कार्यालय में बोला युवाओं ने धावा





देहरादून(उद संवाददाता)। बेरोजगारों पर किए गए लाठीचार्ज के विरोध में बेरोजगार संघ के उत्तराखंड बंद के आहवान पर आज प्रदेश भर में जगह जगह युवाओं ने प्रदर्शन किया। बेरोजगारों के विरोध प्रदर्शन को कई संगठनों ने भी अपना समर्थन दिया। शुक्रवार को देहरादून के घंटाघर क्षेत्र में दुकानें व प्रतिष्ठान बंद रखे गए। यहां जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा। युवाओं ने जिलाधिकारी कार्यालय में हल्ला बोल दिया। युवाओं के आक्रोश को देखते हुए जिलाधिकारी वार्ता के लिए पहुंची। काफी देर तक युवाओं को समझाने की कोशिश करती रहीं डीएम सोनिका को सफलता नहीं मिली। बेरोजगार युवाओं ने यहीं कलक्ट्रेट के बाहर धरने पर बैठ सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। उधर बेरोजगार युवाओं के संभावित आंदोलन को देखते हुए जिला प्रशासन ने परेड ग्राउंड की 300 मीटर की परिधि में धारा 144 (निषेधाज्ञा) लगाई गयी है। जो शुक्रवार शाम तक जारी रहेगी। इस परिधि में पांच या उससे अधिक लोगों के जमाव पर रोक रहेगी। इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। हालाकि उत्तराखंड बंद का असर कुछ ही जगहों पर देखना को मिला है। उत्तर काशी में पुलिस ने (शेष पृष्ठ 7 पर)

## गोपीपुरा के जंगल में बच्चियों से अश्लीलता,आरोपी गिरफ्तार

काशीपुर।जंगल की ओर गई नाबालिग बच्चियों से कमांध सिरफिरे ने अश्लीलता करते हुए दुराचार का प्रयास किया। मंसूबे में कामयाब न होने पर उसने बच्चियों के



साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी को नामजद करते हुए तत्परता दिखाते दबोच कर उसे सलाखों के पीछे कर दिया। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर काशीपुर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि बीते 8 जनवरी को लगभग 5:00 बजे उसकी 10 वर्षीय बच्ची तथा उसकी एक नाबालिग सहेली जंगल की ओर गए थे इस दौरान गोपीपुरा निवासी योगेश पुत्र राजेंद्र (शेष पृष्ठ 7 पर)

## लाठीचार्ज के खिलाफ कांग्रेसियों ने फूंका सीएम का पुतला

रूद्रपुर/काशीपुर/सितारगंज(उद संवाददाता) । उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर महानगर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा के नेतृत्व में सीएम का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान महानगर है सरकार में शामिल सफेदपोश नेताओं की शह पर लगातार भर्ती घोटाले हो रहे हैं लेकिन भाजपा सरकार हाथ पर हाथ बेरोजगार युवाओं के साथ खड़ी है। इस दौरान पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हरीश बावरा, ओमकार ढिल्लों,वरिष्ठ नेता साजिद





कमेटी रुद्रपुर द्वारा बीते दिवस बेरोजगार युवाओं पर बर्बरता पूर्ण लाठीचार्ज करने के विरोध में बाटा चौक पर युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर व अध्यक्ष जगदीश तनेजा व युवा अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने कहा कि धामी सरकार सत्ता के नशे में में चूर हो चुकी है और पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त हो चुकी धरे बैठी हुई है।कल युवाओं पर लाठी चार्ज कर सरकार ने तानाशाही रवैया अपनाया है जिसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा। कांग्रेस पार्टी राज्य के खान, एनएस यूआई के अध्यक्ष चेतन भट्ट, देबू कोली, सोफिया नाज, महिला अध्यक्ष मोनिका ढाली,पार्षद अशफाक अहमद, उमा सरकार,(शेष पृष्ठ 7 पर)

## नवजात का शव मिलने से सनसनी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। गौला जंगल बाईपास से लगभग पचास मीटर की दूरी पर इंद्रानगर चेकपोस्ट में एक गड्ढे में बालू में आधा दबा हुआ नवजात बच्चे का शव बरामद हुआ है। शव लगभग दो दिन पुराना लग रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज नवजात के माता पिता की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एक स्थानीय व्यक्ति शाहरूख खान की सूचना पर बनभूलपुरा पुलिस के उप निरीक्षक संजीत कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।गौला बाईपास (शेष पृष्ठ 7 पर)

## कार और ट्रक की भिड़ंत में एक की मौत,चार घायल

### फरीदाबाद से जा रहे थे बिजनौर, एक की हालत नाजुक



काशीपुर(उद संवाददाता)। एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल महिला की उपचार के दौरान एक निजी अस्पताल में मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिजनों में शोक व्याप्त है। ज्ञातव्य है कि भोगपुर, बढ़ापुर जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश निवासी 35 वर्षीय नीलम रानी पत्नी बंसीलाल के चाचा की बीते दिनों मृत्यु हो गई। सूचना मिलने पर वह अपने भाई वीरेंद्र कुमार उसकी पत्नी पूनम, 23 वर्षीय सुमन रानी ,60 वर्षीय मालिक दिता व अपनी साढ़े तीन वर्षीय पुत्री नवरीत के साथ स्विफ्ट कार संख्या एचआर 51 बी/9358 में सवार होकर फरीदाबाद से गांव जा रहे थे। गुरुवार की सुबह लगभग 7:30 बजे द्रुतगति से चली जा रही कार अफजलगढ़ में सड़क किनारे खड़े ट्रक संख्या यूपी 20टी/2881 से तेज धमाके के साथ जा टकराई। हादसे में कार के परखच्चे (शेष पृष्ठ सात पर)

## सरकारी एम्बुलेंस के चालक और डाक्टर को हॉकी और बेसबॉल से पीटा

रूद्रपुर (उद संवाददाबा)। यूपी की सरकारी एम्बुलेंस के चालक और उसमें बैठे डाक्टर को दबंग व्यक्ति ने बेसबॉल और हॉकी से बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। एम्बुलेंस चालक की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छाबनीन शुरू कर दी है। ग्राम ईगरा थाना डिलारी जिला मुरादाद निवासी सलमान पुत्र रफीक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह सरकारी एम्बुलेंस का चालक है। बुधवार रात लगभग पौने बारह बजे ग्राम सम्पतपुर से एक डिलवरी केस का फोन आने पर वह एम्बुलेंस लेकर जा रहा था तभी जाफरपुर मोड पेट्रोल पम्प के सामने स्विफ्ट कार संख्या यूके 06एई 4050 के चालक ने हाथ देकर रोक लिया। एम्बुलेंस रोकने पर उक्त व्यक्ति ने अपनी कार में से हॉकी और बेस बॉल निकाल ली और बेसबॉल से एम्बुलेंस का शीशा तोड़ दिया। इसके बाद उसने उसे एम्बुलेंस से नीचे उतारकर मारपीट की। विरोध करने पर उसने एम्बुलेंस में बैठे डा. सुमित नेगी के सिर पर हॉकी से हमला कर सिर फोड़ दिया उनका हाथ भी फैक्चर हो गया। शोर सुनकर पेट्रोल पम्प के कर्मचारी (शेष पृष्ठ सात पर)

## डोडा के साथ तस्कर दबोचा

गदरपुर (उद संवाददाता)। जिल भर में नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत गदरपुर पुलिस ने एक तस्कर को 3.716 ग्राम डोडा के साथ गिरफ्तार किया है। गदरपुर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सकैनिया मोड के पास से अभियुक्त



हरदेव सिंह संधु पुत्र सरदार बख्तार सिंह निवासी फतेहगंज को शाम करीब छह बजे गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के कब्जे से एक प्लास्टिक के कट्टे मे 32 पाउच छोटे व बडे कुल 3.716 किलोग्राम अवैध डोडा चूर्ण बरामद किया (शेष पृष्ठ 7 पर)

## दहेज लोभियों ने विवाहिता को धक्के मारकर घर से निकाला

काशीपुर(उद संवाददाता)। दहेज उत्पीड़न के एक और मामले में लोभी ससुरालियों ने दहेज की डिमांड पूरी ना होने पर विवाहिता को उसके दो मासूम बच्चों के साथ धक्के मारकर घर से बेघर कर दिया। पुलिस ने काउंसलिंग के बाद पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति समेत पांच लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस को दी तहरीर में ढकिया कला कुंडेश्वरी निवासी आकांक्षा कौर ने बताया कि वर्ष 2015 की 1 दिसंबर को उसकी शादी अमेरिकन फार्म गुलजारपुर काशीपुर निवासी परमजीत सिंह पुत्र चरणजीत के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शादी की कुछ दिन ठीक-ठाक बीते इसके बाद दहेज की खातिर पति परमजीत ससुर चरणजीत सास सुखविंदर कौर कुलविंदर सिंह नंद अमनदीप उसे बुरी तरह प्रताड़ित करने लगे। इस बीच उसने 2 बच्चों को जन्म दिया। पुत्री गुरलीन लगभग 6 वर्ष की है और पुत्र गुरफतेह लगभग 3 वर्ष का है। पीड़िता ने पुलिस (शेष पृष्ठ 7 पर)

## स्मैक समेत नशा कारोबारी गिरफ्तार



काशीपुर(उद संवाददाता)। ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत नशे के विरुद्ध चलाए अभियान के क्रम में कुंडा पुलिस ने एक और इसमें तस्कर को दबोच कर उसके कब्जे से 05:16 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया है। जरूरी पूछताछ के बाद पकड़े गए नशे के सौदागर का पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान कर दिया गया। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि कुंडा पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने मंडी चौकी क्षेत्र से पुराना ढेला पुल के समीप संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते हुए एक युवक (शेष पृष्ठ सात पर)




# लाठीचार्ज के खिलाफ धरने पर बैठे हरदा और माहरा

## लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने फूंका डीजीपी का पुतला

देहरादून(उद संवाददाता)। बेरोजगारों पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ देहरादून में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत सहित प्रदेश कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं के साथ धरने पर बैठ गए है। उन्होंने कहा की यह प्रदेश के युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है, युवाओं पर अन्यायपूर्ण लाठीचार्ज करना ठीक नहीं है। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ धरना शुरू कर दिया है। वहीं धरने के दौरान पुलिस फोर्स ने बलपूर्वक कांग्रेस नेता हरीश रावत को हिरासत में ले लिया है। यहां एंबुलेसमें कांग्रेसनेताओं के साथ लेटे हुए दिखे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा का कहना है कि सरकार भर्ती परीक्षाओं में जांच पूरी हुए बिना ही दोबारा परीक्षाएं करवा रही है, जोकि ठीक नहीं है । इसके साथ ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी कहा कि बीते रोज हजारों की संख्या में बेरोजगार युवाओं ने सरकार से मात्र यही मांग रखी थी कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती तब तक भर्ती परीक्षाओं को सरकार ना करें, लेकिन सरकार जिद पर अड़ी है और बेरोजगारों के साथ अन्याय कर रही है, जिसकी जितनी निंदा की जाए उतना कम है । कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने कहा कि हमारी सरकार से मांग है की गिरफ्तार किए गए बेरोजगारों के ऊपर लगाए गए मुकदमे को सरकार वापस ले और जिन लोगों ने बीते रोज अनशन स्थल पर पथराव किया उसकी निष्पक्ष जांच करे । लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेसी डीजीपी अशोक कुमार का पुतला फूंकने पहुंचे। जिन्हें पुलिस ने सेंट जोजेफस स्कूल के पास रोक लिया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेसियों के बीच धक्का-मुक्की हुई और पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। धरने पर बैठे बेरोजगार युवाओं को पुलिस ने जबरस्ती उठाया। इससे पहले डीएम व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। एसपी सिटी व एसएसपी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे हैं। चारों तरफ से पुलिस का घेरा बना हुआ है। हंगामे की आशंका को देखते हुए कोर्ट के बाहर पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। शहीद स्मारक पर सिटी मजिस्ट्रेट कुसुम चौहान और एसडीएम सदर नरेश चंद्र दुर्गापाल भी पहुंचे। वहीं गुरुवार को गांधी पार्क के बाहर हुई घटना को लेकर डीजीपी ने बैठक बुलाई है। देखा जा रहा है कि किस स्तर पर चूक हुई है। लापरवाह अधिकारियों व कर्मचारियों पर गाज गिर सकती है।





# मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज दी भूख हड़ताल की चेतावनी

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। पर्याप्त सुविधाओं के अभाव में करोड़ों की लागत से बना मेडिकल कालेज कंक्रीट की बिल्डिंग मात्र रह गया है। उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। साथ ही, एक माह के भीतर मेडिकल कालेज में समस्त व्यवस्थायें सुनिश्चित कर कार्य प्रारम्भ नहीं होने पर 15 मार्च, 2023 से मेडिकल कालेज में प्राचार्य के कक्ष के सामने भूख हड़ताल करने की चेतावनी दी है। उप जिलाधिकारी अल्मोडा के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में बिट्टू कर्नाटक ने कहा कि आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराये जाने हेतु अल्मोडा में मेडिकल कालेज स्वीकृत किया गया था। किंतु मेडिकल कालेज में आज तक व्यवस्थायें दुरूस्त नहीं की गयी हैं। फलस्वरूप जनता को उपचार हेतु मैदानी क्षेत्र के चिकित्सालयों में जाना पड़ता है। जिस कारण उन्हें अनावश्यक समय एवं धन व्यय करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि अल्मोड़ा में पर्याप्त चिकित्सा सुविधा न होने के कारण गम्भीर बीमार व्यक्ति को मैदानी क्षेत्र के चिकित्सालयों में ले जाना पड़ता है। कई बार गम्भीर रोगियों को समय पर उपचार न मिलने के कारण रास्ते में उनकी मृत्यु हो गयी है। कर्नाटक ने कहा कि लगभग तीन सौ पचास करोड़ से अधिक की लागत से बना अल्मोड़ा मेडिकल कालेज केवल एक कंक्रीट की बिल्डिंग के रूप में खड़ा है। दो वर्ष पूर्व इसका संचालन प्रारम्भ कर दिया गया था। जिसमें आज तक अनेक व्यवस्थायें सुनिश्चित नहीं हो पायी हैं। जिनमें आपरेशन थियेटर, आईसीयू, एन.आई.सी.यू., एम.आर.आई. मशीन का संचालन, ईको जांच की सुविधा का न होना, आक्सीजन प्लांट का लाभ नहीं मिल ना, चिकित्सा के पर्याप्त उपकरण का न होना, विशेषज्ञ चिकित्सकों का अभाव आदि शामिल हैं।इन सुविधाओं के अभाव में मेडिकल कालेज द्वारा गम्भीर रूप से बीमार व्यक्तियों को हल्द्वानी अथवा अन्य हायर सेंटर हेतु रेफर कर दिया जा रहा है। जिससे यहां की आम जनता बेहद आहत है। जबकि मेडिकल कालेज बनाने का मुख्य उद्देश्य था कि पर्वतीय जनपदों विशेषकर अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़ आदि के दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों को भी यहां स्वास्थ्य सुविधायें प्राप्त हो सके। कर्नाटक ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि उपरोक्त अव्यस्थाओं को तत्काल दूर कर मेडिकल कालेज को सुचारू रूप से संचालित करवायें ताकि कमजोर, निर्धन, असहाय, गम्भीर रूप से बीमार व्यक्तियों को मैदानी क्षेत्रों को न जाना पड़े।उन्होंने चेतावनी देते हुये कहा कि यदि एक माह के भीतर मेडिकल कालेज में समस्त व्यवस्थायें सुनिश्चित कर कार्य प्रारम्भ नहीं होता है तो आम जनमानस के हित में उन्हें 15 मार्च 2023 से मेडिकल कालेज में प्राचार्य के कक्ष के सामने भूख हड़ताल करने के लिये बाध्य होना पडेग। ज्ञापन देने वालों में कर्नाटक के साथ एनसी जोशी, देवेन्द्र कर्नाटक, एचसी जोशी, भूपेंद्र सिंह भोज, गौरव सिंह जीना, अरूण कोहली, नीरज सिंह बिष्ट, हिमांशु कनवाल , रोहित शैली, पूर्व कांग्रेस जिला प्रवक्ता राजीव कर्नाटक, प्रकाश सिंह मेहता सहित दर्जनों आमजन शामिल रहे।



# रामनगर में भी कांग्रेसियों ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला

रामनगर(उद संवाददाता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रानीखेत रोड पर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन एवं नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पुतला फूंका पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने बताया कि गुरुवार को देहरादून गांधी चौक पर हजारों युवा गांधीवादी तरीके से परीक्षा मामलों में हुए घोटालों की सीबीआई जांच मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री के इशारे पर प्रदर्शनकारी बेरोजगार युवाओं पर बर्बरता पूर्वक किए गए लाठीचार्ज की उन्होंने निंदा करते हुए कहा कि सरकार को इस मामले में सीबीआई जांच करानी चाहिए तथा सरकार ने अपनी नाकामी को छुपाने के लिए यह लाठीचार्ज करवाया है उन्होंने कहा कि कांग्रेस का विरोध करती है और सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेगी।



अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डैंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave, Near ICON School, Sidcul-Bigwara Road, Rudrapur, U.S. Nagar



वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर



Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657


# हर राशन कार्ड धारक को 2 किलो मडुवा दिया जायेगा : रेखा आर्य

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।हल्द्वानी पहुंची कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस बजट से देश के हर वर्ग को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी अपने आगामी बजट के लिए लोगों से राय ले रही है और जल्द ही प्रदेश के हर राशन कार्ड ध



ारक को 2 किलो मडुवा दिया जाएगा, ये मडुआ सस्ता गल्ला विक्रेता के माध्यम से बांटा जाएगा।वहीं देहरादून में कल बेरोजगार युवाओं पर हुए लाठीचार्ज पर बोलते हुए कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि प्रदेश की धामी सरकार नकल कराने वालों के खिलाफ सख्त कानून लाने जा रही है, सरकार नहीं चाहती प्रदेश में कोई भी आंदोलन हो इस तरह की घटना होना हम सबको दुख पहुंचाता है।

# कृमि मुक्ति को लेकर किया जागरूक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय प्राथमिक विद्यालय मटकोटा में एक संगोष्ठी एवं जागरूकता मंच का आयोजन किया गया जिसमें सामाजिक सुरक्षा अधिकारी जे.जे. कुमार ने



कृमि से होने वाले नुकसान व रोकथाम के बारे में जागरूक किया। इसी संदर्भ में डॉ अनिरुद्ध ने कहा कि शारीरिक व मानसिक विकास एनीमिया और कुपोषण की स्थिति को पैदा करते हैं जो लंबे समय की परेशानियों से ग्रसित कर सकता है जिसकी रोकथाम व निस्तारण के लिए जागरूक किए।


MANUFACTURE DATE, EXPIRY DATE, BATCH CODE, PRINTER
AVAILABLE HERE
NEELKANTH ENTERPRISE
Near G Mart, Kashipur By Pass Road, Rudrapur Ph.: 9837071614


# अल्मोड़ा में 47 केंद्रों पर होगी पटवारी लेखपाल परीक्षा

## एडीएम ने दिये दिशा निर्देश,परीक्षा केन्द्रों पर लगायी धारा-144

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। 12 फरवरी को प्रस्तावित उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की राजस्व उप निरीक्षक (पटवारी/लेखपाल) परीक्षा 2022 की आवश्यक तैयारियों को लेकर अपर जिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने सभी परीक्षा केंद्रों के लिए नामित सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को परीक्षा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट सौंपे गए परीक्षा केंद्रों पर जाकर सभी व्यवस्थाओं को परीक्षा से पूर्व देख लें।उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि परीक्षा केंद्र पर बिजली, पानी एवं अन्य सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त हों। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के सभी दिशा निर्देशों का भली भांति पालन करें, तथा नियमानुसार परीक्षा संपन्न कराने की सभी प्रक्रियाओं का पालन किया जाए। परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की समस्या आने पर लोक सेवा आयोग द्वारा जनपद हेतु नामित आयोग प्रतिनिधि से सम्पर्क करने के निर्देश दिए गए हैं। अपर जिलाधिकारी ने सभी सैक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये कि परीक्षा आरम्भ होने से पूर्व सभी तैयारियों को अवश्य रूप से जॉच लें ताकि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की समस्या न आये। उन्ळोंने कहा कि इस परीक्षा में लगे सभी कार्मिक समय से पूर्व अपने आवंटित परीक्षा केन्द्रों में पहॅुचना सुनिश्चित करें। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि परीक्षा केन्द्रों में पर्याप्त पुलिस बल



तैनात करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि जनपद में इस परीक्षा हेतु 47 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यह परीक्षा केंद्र अल्मोड़ा, रानीखेत, सोमेश्वर, द्वाराहाट के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में बनाए गए हैं। इन सभी परीक्षा केंद्रों में 10203 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा 11 बजे से 01 बजे तक आयोजित की जाएगी। बैठक में उपजिलाधिकारी सदर गोपाल सिंह चौहान, मुख्य शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण समेत आयोग के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। उप जिला मजिस्ट्रेट सदर गोपाल सिंह चौहान ने बताया कि दिनॉक 12 फरवरी, 2023 को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार द्वारा आयोजित राजस्व उप निरीक्षक (पटवारी/लेखपाल) की लिखित परीक्षा-2022 के सफलतापूर्वक संचालन में कतिपय असामाजिक तत्वों द्वारा परगना अल्मोड़ा अन्तर्गत पड़ने वाले परीक्षा केन्द्रों में शान्ति एवं कानून व्यवस्था भंग करने की सम्भावना है। उन्होंने बताया कि परगना अल्मोड़ा अन्तर्गत पड़ने वाले परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा के सम्पादन में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 के प्राविधानों के तहत निषेधाज्ञायें लागू है। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति परगना अल्मोड़ा अन्तर्गत पड़ने वाले परीक्ष केन्द्रों के 200 मी0 की परिधि के अन्दर अस्त्र-शस्त्र, अग्नेयास्त्र, धारदार हथियार, लाठी डन्डा लेकर नहीं चलेगा। किन्तु यह आदेश सुरक्षा बलों, शान्ति व्यवस्था में लगे कार्मिकों, अर्द्धसैनिक बलों, पी0एस0सी0 पर लागू नहीं होगा। परीक्षा केन्द्रों के 200 मी0 की परिधि के अन्दर किसी भी बाहरी व्यक्ति की प्रविष्टि निषिद्ध होगी, किन्तु यह आदेश परीक्षार्थी एवं शान्ति व्यवस्था में तैनात पुलिस बलों आदि व परीक्षा केन्द्र पर डयूटी में तैनात प्राधिकृत व्यक्तियों एवं राहगीरों पर प्रतिबन्धित नहीं है। परीक्षा केन्द्र के आस-पास परीक्षा को प्रभावित करने के उद्देश्य से 05 या इससे अधिक व्यक्ति एक झुण्ड बनाकर एक स्थान पर एकत्रित नहीं होगें। धार्मिक कार्यक्रमों, शादी विवाह तथा शव यात्रा इस आदेश से मुक्त रहेंगी। यह आदेश नियत परीक्षा तिथि 12 फरवरी, 2023 को प्रात: 10:00 बजे से अपरान्ह् 02:00 बजे तक लागू रहेगा बशर्ते कि इससे पूर्व इसे निरस्त न कर दिया जाय।

# दस माह में 700 करोड़ की शराब गटक गये कुमांऊ के लोग

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में शराब के कारोबार से सरकार को मोटा राजस्व मिलता है। आबकारी विभाग की क्लोजिंग में अभी दो माह का समय शेष है लेकिन इन दस महीनो में ही कुमाऊं मंडल के 280 मदिरा की दुकानें से लोग कई सौ करोड़ों की शराब पी गए हैं। वित्तीय वर्ष समाप्त होने वाला है जिसके तहत आबकारी विभाग निरंतर क्लोजिंग का कार्य तेज गति से चला रहा है आबकारी विभाग रिक्लोजिंग कार्य कराए जाने को लेकर पूरी तरह से मुस्तैद है. वित्तीय वर्ष 2022- 23 में आबकारी विभाग को कुमाऊँ मंडल से शराब से करीब 783 करोड रुपए का लक्ष्य मिला था जिसमें से विभाग द्वारा जनवरी माह तक करीब 701 करोड़ का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। आबकारी आयुक्त कुमाऊं मंडल केके कांडपाल ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में करीब दो माह अभी बाकी है शराब की दुकानों से मिलने वाले राजस्व प्राप्ति के लिए विभाग द्वारा अभियान चलाकर शराब कारोबारियों से राजस्व वसूला जा रहा है। राजस्व जमा नहीं करने की स्थिति में कई दुकानों को निरस्त करने की भी कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि कुमाऊं मंडल में 280 मदिरा की दुकानें हैं जहां 138 अंग्रेजी जबकि 142 देसी शराब की दुकान है।इस वित्तीय वर्ष में नैनीताल जिले के लिए 273 करोड 24 लाख, उधम सिंह नगर के लिए 148 करोड़, बागेश्वर के लिए और 40 करोड़ 51 लाख, पिथौरागढ़ के लिए 87 करोड 51 लाख, चंपावत के लिए 56 करोड़ 76 लाख, अल्मोड़ा के लिए 29 करोड़ 60 लाख का लक्ष्य रखा गया था। इस वित्तीय वर्ष में अभी भी 82 करोड़ 55 लाख का राजस्व बकाया है जिसे वसूलने के लिए अभियान तेज किया गया है. मार्च तक लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कई दुकानदारों द्वारा राजस्व जमा न किए जाने की स्थिति में उधम सिंह नगर में 15 दुकानों को कैंसिल करने की कार्यवाही की गई है अभी वित्तीय वर्ष समाप्त होने में दो माह का समय है इसी बीच होली का त्यौहार भी है इसमें यह टारगेट पूरा करने की उम्मीद है।

# युवाओं के हितों की रक्षा कर रही है सरकार : रावत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत ने कहा कि जिस प्रकार पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार घोटालेबाजों व अपराधियों को अपनी सरकार में संरक्षण देती थी उसके ठीक उलट मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की सरकार प्रदेश के युवाओं के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह से सजग है। पहले की तरह सरकार ने किसी भी भर्ती घोटाले को न तो दबाया है और न छुपाया है। जितने भी मामले सामने आए, उनकी जांच कराकर, जितने भी दोषी हैं, सभी को जेल भेजा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने यह पहले ही तय कर लिया था कि भर्ती परीक्षाओं में नकल को रोकने के लिए कड़ा कानून बनायेंगे। देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कघनून प्रदेश सरकार लेकर आ रही हैं। ऐसी पुख्ता व्यवस्था की जा रही है कि भविष्य में होने वाली सारी परीक्षायें पारदर्शी और नकघ्ल विहीन हों। प्रदेश के युवाओं के साथ किसी तरह का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री धामी युवाओं के हित में फैसले ले रहे है। रावत ने युवाओं से अनुरोध किया कि वह किसी के बहकावे में न आये।

# युवा बेरोजगारों पर पुलिस बर्बरता शर्मनाकः बहुगुणा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देहरादून में प्रदेश के युवा भर्ती में हो रहे भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच को लेकर शांति पूर्वक धरने पर बैठे हुए युवा बेरोजगारों पर पुलिस बर्बरता शर्मनाक है। भाकपा माले राज्य सचिव राजा बहुगुणा ने कहा कि एक ओर राज्य में हो रही भर्तियों में एक के बाद एक घोटाले सामने आ रहे हैं लेकिन उनके आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही के बजाय जांच की मांग कर रहे युवाओं पर सरकार का डंडा चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार घोटालों पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हुई है। उन्होंने कहा कि देहरादून में बेरोजगारों पर बेरहमी से जो बर्बरता बरपा की है, उसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। इस सरकार को अब सत्ता में बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने मांग की कि लगातार घोटालों और युवाओं पर लाठीचार्ज की जिम्मेदारी लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए।

# हत्या के मामले में चार को आजीवन कारावास

रुड़की। प्रथम अपर जिला जज की अदालत ने हत्या के मामले में चार अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियुक्तों पर 50--50 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता राजकुमार सिंह ने बताया कि उपेंद्र सिंह निवासी इंद्रा गांधी कॉलोनी पेपर मिल रोड सहारनपुर ने कोतवाली सिविल लाइन पुलिस को तहरीर दी थी। बताया था कि उनके दामाद प्रेम कुमार सिंह निवासी अनमोल विहार सहारनपुर धोखे से ढंडेरा गांव में बुलाकर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या और षड्यंत्र के आरोप में मुजम्मिल, आस मोहहमद, खुशनूद त्यागी निवासी ,ढंडेरा और दिलशाद निवासी भंगेड़ी पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था उक्त मामला प्रथम अपर जिला जज रुड़की रमा पांडे कोर्ट में विचारधीन थी। गवाह और सबूतों के आधार पर कोर्ट ने मुजम्मिल निवासी ढंडेरा, दिलशाद निवासी भंगेड़ी महावतपुर, आश मौहम्मद निवासी ढंडेरा और खुशनूद त्यागी निवासी ढंडेरा हाल सोत बी चौकी क्षेत्र को 302 और 120 धारा के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही पचास हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।


ANANT GRAPHICS
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us 98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# सभी कार्यों को समयबद्धता के साथ पूर्ण करें: कमिश्नर

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने अल्मोड़ा पहुंचकर विकास भवन सभागार में जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने 5 करोड़ रुपए लागत से ऊपर की लंबित विभिन्न योजनाओं, वन भूमि से संबंधि



त प्रस्ताव जो जनपद स्तर पर लंबित हैं, पिछले वर्षों में हुई सड़क दुर्घटनाओं, जल जीवन मिशन, जिला, राज्य, केंद्र तथा बाह्य सहायतित योजनाओं की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति एवं भूमि संबंधित दर्ज मामलों की समीक्षा की। इस दौरान आयुक्त ने सभी कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति को लेकर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों को एक समयबद्धता के साथ पूर्ण करते हुए कार्यों की गुणवत्ता को बनाये रखा जाए। उन्होंने कहा कि यदि कार्यों को समय सीमा तथा गुणवत्ता के साथ नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई अमल में लायी जाएगी। इस दौरान आयुक्त ने वन भूमि हस्तांतरण के लंबित प्रकरणों को लेकर वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन भूमि से सम्बन्धित सभी प्रकरणों का विवरण प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि इन प्रकरणों में यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि सामग्री में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रयोग किये जा रहे पाईपों की प्रेशर टेस्टिंग के लिए मुख्य विकास अधिकारी को जांच करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यह देखा जाए कि टेस्टिंग में फेल हो रहे पाईप को पानी की लाइनों में तो नहीं लगाया गया है, साथ ही उन्होंने यह भी जांच करने के निर्देश दिये कि पाईपों की जांच जिन लैबों में हो रही है वह लैब मान्यता प्राप्त है या नहीं। पिछले पांच वर्षों में जनपद के अंतर्गत हुई सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि रोड सेफ्टी के जो भी मानक हैं, उन्हें पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मुआवजा प्रक्रिया लंबित न रहे इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। भूमि संबंधी मामलों की समीक्षा के दौरान उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि एक हजार वर्ग मीटर या इससे अधिक क्षेत्रफल की भूमि में खरीद-फरोख्त समेत व्यवसायिक गतिविधियों पर खास नजर रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि सड़कों या अन्य निर्माण कार्यों हेतु जो भूमि अधिग्रहण की जाती है तो भूमि स्वामी को मुआवजा समय से देना सुनिश्चित करें। इस दौरान आयुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की 7वीं बैठक भी आयोजित की गयी। बैठक में 13 प्रस्तावों को प्रस्तुत किया गया जिसमें से 12 प्रस्तावों को बोर्ड द्वारा अनुमति प्रदान की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी वन्दना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार राय, मुख्य विकास अधिकारी अंशुल सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी सिविल सोयम ध्रुव सिंह मर्तोलिया सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पॉवर पांइट के माध्यम से सभी विभागों द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया गया।

# युवाओं ने सरकार,आयोग व पुलिस प्रशासन की निकाली शव यात्रा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग उत्तराखंड पुलिस व उत्तराखंड सरकार की संयुक्त शव यात्रा निकाली गयी। युवाओं ने उत्तराखंड युवा एकता मंच के बैनर तले शव यात्रा निकाली। रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट में आयोग सरकार व उत्तराखंड पुलिस द्वारा की जा रही बर्बरता के कारण तीनों का संयुक्त रुप में शव यात्रा निकाल अंतिम संस्कार कर पिंड दान किया व तीनो की पुण्यात्मा की शांति की अपील की। इस दौरान उत्तराखंड युवा एकता मंच के सदस्यों व तमाम बेरोजगार युवाओं ने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में बढ़ रहे भर्ती घोटाले का विरोध करने के बाद युवा सड़कों पर है तो सरकार द्वारा भरकम प्रयास



किए जा रहे हैं कि यह आंदोलन कैसी भी कमजोर हो परंतु इस आंदोलन को किसी भी हालत में कमजोर होने नहीं दिया जाएगा ।बिना सख्त नकल विरोधी कानून के किसी भी हालत में परीक्षाएं कोई युवा नहीं देगा। अनिल बिष्ट ने कहा कि जब तक सीबीआई जांच नहीं हो जाती तब तक परीक्षा देने का कोई औचित्य भी नहीं रह जाता। युवाओं की स्पष्ट मांग है कि जब तक सीबीआई जांच नहीं हो जाती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। संजय भट्ट ने कहां कि हाकम सिंह संजीव चतुर्वेदी कथा संजीव कुमार जैसे सैकड़ों पश्चात नकल माफियाओं की वजह से आज उत्तराखंड लोक सेवा आयोग अंतिम सांसे ले रहा था इस चरम पर पहुंच चुके भ्रष्टाचार का विरोध करने वालों पर लाठियां मारकर उत्तराखंड पुलिस उत्तराखंड सरकार ने जो बचा कुचा विश्वास था वह भी सरकार प्रशासन व आयोग के प्रति खत्म कर दिया जिस वजह से आप तीनों लगभग मृत हो चुके हैं। इसीलिए युवाओं ने उनके प्रदान कर सभी की आत्मा की शांति की प्रार्थना की ।

# हाईवे पर खुले कट बंद कराकर लगाये रिफलेक्टर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सड़क हादसों में नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्थ्ा सुगम बनाने के लिए सीपीयू कर्मियों ने सड़क पर नैनीताल हाई पे पर खुले कटों को बंद करवाने के साथ ही जगह जगह रिफलेक्टर लगाये और लोगों को जागरूक किया। गुरुवार को सीपीयू प्रभारी राकेश बिष्ट ने टीम के साथ सड़क हादसों को



रोकने के लिए खुले कटों को बंद करवाये और सुरक्षा की दृष्टि से रिफ्लेक्टर जगह जगह रिफलेक्टर भी लगाये। अटरिया मोड़ पर हाइडिल के सामने बैरियर लगाने के साथ सुरक्षा के दृष्टिगत रिफ्लेक्टर लगाए गए।इस दौरान लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील भी की गयी। इस अवसर पर कॉन्स्टेबल रवि, कांस्टेबल गणेश, कॉन्स्टेबल वीरेंद्र गजेंद्र भी मौजूद थे।

# कांवड़ यात्रियों के जत्थे को किया हरिद्वार रवाना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सुभाष कालोनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर से शिवभक्त कांवरियों के जत्थे को समाजसेवी संजय ठुकराल और बाबा भक्त मण्डल आदर्श कालोनी के बाबा भक्त विक्की मुंजाल ने फूल मालाएं पहनाकर हरिद्वार के लिए रवाना किया। इस दौरान संजय ठुकराल और विक्की मुंजाल ने सभी शिवभक्तों को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कांवर यात्रा का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। हर वर्ष रूद्रपुर से हजारों की



संख्या में श्रद्धालु कांवर लाने के लिए हरिद्वार जाते हैं और हरिद्वार से गंगाजल लेकर पैदल वापस लौटते हैं। यह कांवर यात्रा श्रद्धालुओं की अटूट आस्था की प्रतीक है। इस दौरान बम भोले और हर हर महादेव के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर सूरज, जितेन्द्र, अंकित, गिरीश, रंजीत, राहुल, लक्खा, मोंटू, सरोज, आशा, बबलू, अरविंद, छुट्टन, आकाश, नितातिन, विपिन, सचिन, राजेश्वरी, गोलू, अमित समेत कई श्रद्धालु मौजूद थे।

# विधानसभा अध्यक्ष ने कौसानी में रोपा पौधा

कौसानी(उद संवाददाता)। एक दिवसीय भ्रमण पर भारत के मिनी स्विट्जरलैंड कौसानी पहुँची विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी ने गुरुवार की सुबह कौसानी से सूर्योदय का विहंगम दृश्य देखा।उन्होंने अनासक्ति आश्रम के अलावा पंत बिथिका का भ्रमण किया। अनाशक्ति आश्रम के बारे में जाना, यहाँ के अलौकिक प्राकृतिक विहंगम दृश्य और सूर्योदय का नजारा उठाया, वही पर्यटन क्षेत्र में इसे उचित विश्व पर्यटन में स्थान देने के लिए विशेष



प्रयास सरकार द्वारा किए जाने की बात कही, यहां पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लिया। यहां भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र फर्स्वाण,सहित जिला पंचायत सदस्य जर्नादन लोहनी समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ सौंपा।


# विधायक निधि से मुख्य बाजार में लगाये जायेंगे सीसी कैमरे

## विधायक ने पुलिस अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र की बढ़ती आबादी ओर उत्तराखंड की औद्योगिक राजधानी कहे जाने वाले रुद्रपुर विधानसभा में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिये पुलिस प्रशासन तो सदैव मुस्तैद रहता ही लेकिन कई बार घटाने होती है और सीसीटीवी कैमरों के अभाव के चलते अपराधी गिरिफ्त से बाहर रहते हैं । जिसको लेकर विधायक शिव अरोरा द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को कुछ समय पूर्व सीसीटीवी लगाने हेतु प्रस्ताव भेजा गया था उन्होंने पत्रचार के माध्यम से जिले के कप्तान को इच्छा जाहिर की थी वह मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाना चाहते हैं । उस प्रस्ताव को स्वीकार करते हैं जिले के कप्तान मंजूनाथ टीसी ने उस पर आदेश करते हुए विधायक शिव अरोरा को प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिये लिस्ट सौंपी दी गयी थी। जिसके चलते विधायक शिव अरोरा ने मुख्य बाजार व उसके आस पास के क्षेत्र में एसपी क्राइम आईपीएस चंद्रशेखर , क्षेत्राधिकारी संचार रेवधर मठपाल के साथ आस पास के क्षेत्रों में भ्रमण किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा अपराध नियंत्रण व अपराधियों में भय के वातावरण के लिये सीसीटीवी कैमरे का होना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि एक अपराध के खुलासे में सीसीटीवी की फुटेज बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विधायक शिव अरोरा ने कहा वही क्षेत्र के मुख्य स्थानों से बहुत बड़ी आबादी होकर गुजरती है जिसको देखते हुए सीसीटीवी का होना जरूरी है। वही विधायक शिव अरोरा ने कहा विधायक निधि से पहले चरण में सीसीटीवी लगाने के लिये सात लाख पचास हजार की धनराशि जारी कर दी गयी है उसमें जितना स्थान पूरे हो पाएंगे उन स्थानों पर कैमरे लगाने का कार्य आने वाले दिनों में शुरू कर दिया जायेगा । वही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने विधायक शिव अरोरा द्वारा दिये गये इस प्रस्ताव की सराहना करते हुए कहा निश्चित रूप से जनप्रतिनिधि ओर जनता का पुलिस के साथ इस प्रकार का जगरूक प्रयास पुलिस को काफी मामलों में मददगार साबित होगा। सीसीटीवी कैमरे लगाने से आपराधिक घटनाओं में कमी आयेगी ओर अपराधियों में भय का वातावरण होगा। वही विधायक ने बताया सीसीटीवी को आने वाले समय मे बस्ती से लेकर हर क्षेत्र में कैमरे लगाने का कार्य किया जायेगा क्षेत्र में हर तरफ कैमरे हो ऐसा प्रयास रहेगा। विधायक शिव अरोरा ने कहा क्षेत्र में सीसीटीवी लगने से अपराधी अपराध करने से पहले काफी बार सोचेगा ओर घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिये सीसीटीवी कैमरे का लाभ सभी को मिलेगा। विधायक ने कहा उनका प्रयास है रुद्रपुर में भयमुक्त वातवारण हो और क्षेत्रवासियों की सुरक्षा दृष्टिगत यह कार्य किया जा रहा है उन्होंने कहा उनकी हर पहल क्षेत्र के हित मे ओर क्षेत्र के विकास के लिये की जा रही है। इस दौरान कोतवाल विक्रम राठौर, बाजार चौकी इंचार्ज संदीप शर्मा आदर्श कालोनी चौकी इंचार्ज दिनेश परिहार देवभूमि व्यपार मण्डल जिला अध्यक्ष गुरमीत सिंह, धर्म सिंह कोली सोनू अनेजा, सुनील यादव, अरुण अरोरा, मयंक कक्कड़, मनोज मदान, अंशुल अरोरा, सुनील ठुकराल, राजेश पप्पल, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।







# शिवरात्रि के पावन पर्व पर भोले बाबा का कीर्तन

**दिनांक: 16 फरवरी 2023 सांय 3 बजे, दिनांक 17 फरवरी 2023 प्रातः 10 बजे से**

**स्थान–नेक्सा ट्रूवेल्यू, काशीपुर रोड ग्रीन पार्क गेट के सामने, रुद्रपुर**

भंडारा और कांवरियों की सेवा में निरंतर रहेगा। कांवरियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था रहेगी।

**आयोजक-श्री शिव सेवा संस्थान एवं सांध्य दैनिक उत्तरांचल दर्पण**


# भ्रमण कर विकास योजनाओं का किया निरीक्षण

गदरपुर(उद संवाददाता)। विकास खण्ड में ललित मोहन आर्य, विशेष कार्याधिकारी कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग, उत्तराखण्ड शासन के द्वारा विकास खण्ड में विभिन्न रेखीय विभागों की समीक्षा बैठक की गयीं जिसमें पशुपालन विभाग, बाल विकास परियोजना अधिकारी, पूर्ति विभाग ,लघु सिंचाई, पंचायतीराज विभाग, समाजकल्याण विभाग,कृषि विभाग एवं उद्यान विभाग के विकास खण्ड स्तरीय अधिकारी शामिल रहे। उत्तराखंड सरकार द्वारा 'सरकार जनता के द्वार''हमारा संकल्प अनुशासित प्रदेश' 'हमारा संकल्प भयमुक्त समाज' के प्रभावी क्रियान्वयन निगरानी एवं समीक्षा हेतु जनपद उधमसिंह नगर में उक्त भ्रमण एवं निरीक्षण कार्यक्रम के तहत श्री आर्य, विशेष कार्याधिकारी उत्तराखंड शासन द्वारा विकास खण्ड के अंतर्गत प्रगतिशील कृषकों, जनप्रतिनिधियों से जनसंवाद भी स्थापित किया गया। उत्तराखंड शासन द्वारा विकास खण्ड की ग्राम पंचायत बरीराई एवम् आनन्द खेड़ा में विभिन्न योजनाओं का स्थलीय







निरीक्षण एवं संबंधित लाभार्थियों से वार्तालाप भी किया गया। ग्राम पंचायत पिपलिया एवं आनंदखेड़ा में एनआरएलएम के अंतर्गत गठित समूहों की महिलाओं के द्वारा किये जा रहें रोजगार पर क्रियाकलापों तथा मत्सय पालन, मुर्गी पालन, बत्तख पालन, रजाई निर्माण कार्य एवं बयूटी पार्लर कार्य आदि के निरीक्षण के उपरान्त श्री आर्य, विशेष कार्याधिकारी उत्तराखंड शासन ने योजना के धरातलीय क्रियान्वन पर संतोष व्यक्त किया। प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत इन पंचायतों में निर्मित आवासों का निरीक्षण करने के साथ– साथ महात्मा गांधी मनरेगा के कार्य अमृत सरोवरों का भी स्थलीय निरीक्षण किया गया। समीक्षा एवं निरीक्षण कार्यक्रम में शेखर जोशी खण्ड विकास अधिकारी, नफीस जमील जिलाअर्थ एवं संख्याधिकारी उधमसिंह नगर, महेश कुमार, स0जि0 पंराजअधिकारी उधम सिंह नगर, रविशंकर झा पशु चिकित्साधिकारी, हेमा काण्डपाल बाल विकास परियोजना अधिकारी, हरीश चन्द्र पूर्ति निरीक्षक, राजपाल सिंह चौहान, स0वि0अ0 पंचायत, टिंकू सिंह,अवर अभियंता लघु सिंचाई, एस0पी0 मल्ल ग्रा0वि0अ0, गौरव त्रिपाठी, ग्रा0वि0अ0, विश्वजीत अवर अभियंता मनरेगा, शिखर ओझा अवर अभियंता पंचायत, अमित मेहरा उपकार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, सुमित उपाध्याय कनिष्ठ सहायक, टी0यू0 खान क0स0, सुनीता पी0आर0पी0, ,मदन सिंह सेनी, लेखाकार, बीएस पांगती लेखाकार, हीरा बिष्ट, क0आॅ0 मनरेगा,रविंद्र उपाध्याय,रवि आर्य क0आ0, एनआरएलएम प्रगतिशील कृषक सलविन्दर सिंह कलसी सहित विभागों के फील्ड स्तरीय अधिकारी/कार्मिक उपस्थित रहे।

# 36 लाख की अफीम सहित दो अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में एएनटीएफ को एक और सफलता मिली है। टीम ने तीन किलो अफीम के साथ दो अंतर्राज्यीय ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद अफीम की कीमत 36लाख रूपये आंकी गयी है। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि सीओ एसटीएफ कुमाऊँ सुमित पांडे एवं प्रभारी निरीक्षक एसटीएफ एमपी सिंह के नेतृत्व में एसटीएफ की कुमाऊं टीम ने रुद्रपुर के रामपुर रोड में स्थित राजकीय आदित्य झा इंटर कॉलेज के पास से दो अंतरराज्यीय ड्रग तस्करों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 3 किलो अफीम बरामद की बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 36 लाख रुपए है। पकड़े गये ड्रग तस्करों ने अपने नाम हरविंदर सिंह पुत्र सिकंदर सिंह, निवासी ग्राम भैरपुरा थाना शीशगढ़, तहसील बहेड़ी जनपद बरेली, और सोमपाल पुत्र कन्हैया लाल निवासी रामपुरा बुजुरूप, थाना खजुरिया जनपद रामपुर बताया है। गिरफ्तार किए गए इन तस्करों पर पिछले एक माह से हमारी एसटीएफ कुमाऊं की टीम काम कर रही थी। गिरफ्तार अभियुक्तगण ड्रग्स के बड़े सौदागर थे, जो कि कई वर्षों से पुलिस की आँखों में धूल झोंकते हुए ड्रग्स की सप्लाई कर रहे थे। एसटीएफ टीम ने अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा थाना रुद्रपुर में एनडीपीएस एक्ट में अभियोग दर्ज कराया गया है। इन तस्करों के पास ये ड्रग्स की सप्लाई कहाँ से आती है और किसे दी जाती थी। इस पर टीम आगे काम करते हुए छानबीन में जुटी है। एसटीएफ की इस कार्रवाई में मुख्य आरक्षी मनमोहन सिंह की विशेष भूमिका रही। टीम में उपनिरीक्षक विपिन चन्द्र जोशी,उपनिरीक्षाक के0जी0 मठपाल, हेड कांस्टेबल मनमोहन सिंह, कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह चौहान, कांस्टेबल नवीन कुमार, कांस्टेबल राजेंद्र सिंह महरा आदि शामिल रहे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## कर्ज और करोबार

महंगाई पर लगाम कसने के मकसद से भारतीय रिजर्व बैंक ने एक बार फिर रेपो दरों में पच्चीस आधार अंक की बढ़ोतरी कर दी है। इस तरह अब रेपो दर साढ़े छह फीसद पर पहुंच गई है। इस बढ़ोतरी का अनुमान पहले से ही लगाया जा रहा था। पिछले दस महीनों में यह छठवीं बढ़ोतरी है। इस दौरान रेपो दर में ढाई सौ अंक की बढ़ोतरी की जा चुकी है। हालांकि कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि अब रिजर्व बैंक बढ़ोतरी को लेकर अपने हाथ रोक लेगा। मगर रिजर्व बैंक के रुख से ऐसा नहीं लग रहा कि वह महंगाई को लेकर आश्वस्त है, इसलिए उसने इस पर कोई स्पष्ट टिप्पणी नहीं की है। रेपो दरों में बढ़ोतरी का मतलब होता है कि इस दर पर सारे बैंक भारतीय रिजर्व बैंक से कर्ज लेते और फिर उससे अपना कारोबार करते हैं। जाहिर है, बैंक अपनी ब्याज दरें इससे कुछ ऊंची ही रखते हैं। इस तरह बैंकों से घर, वाहन, कारोबार आदि के लिए कर्ज लेने वालों पर ब्याज का बोझ बढ़ता है। मगर दूसरी तरफ उन लोगों को लाभ भी मिलता है, जिन्होंने अपने गाढ़े वक्त के लिए बैंकों में निवेश कर रखा या पैसे जमा कर रखे हैं। रेपो दर में बढ़ोतरी का असर महंगाई पर पड़ता है। उसे रोकने में मदद मिलती है। पिछली बढ़ोतरियों का स्पष्ट प्रभाव भी नजर आ रहा है। फिर अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्याज दरों में बढ़ोतरी को देखते हुए भी भारतीय रिजर्व बैंक को अपनी दरों में बढ़ोतरी करना मजबूरी थी। अमेरिकी फेडरल ने महंगाई के मद्देनजर लगातार अपनी दरें ऊंची की हैं। इसका नतीजा यह भी देखने को मिला कि बहुत सारे विदेशी निवेशकों ने भारत के बाजार से अपना पैसा निकाल कर वहां लगाना शुरू कर दिया। इसके चलते डालर के मुकाबले रुपए की कीमत गिरती गई। रिजर्व बैंक के रेपो दर में बढ़ोतरी से उन निवेशकों को रोकने में मदद मिलेगी। फिर ब्याज दरें ऊंची होने की वजह से बाजार में पूंजी का अनियंत्रित प्रवाह रुकता है। मगर इससे महंगाई पर वास्तव में कितना असर पड़ेगा, दावा करना मुश्किल है। खुद रिजर्व बैंक ने माना है कि चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में महंगाई साढ़े पांच फीसद पर सिमट जाएगी, पर अगले वित्त वर्ष में फिर इसके बढ़ने की संभावना है। इसलिए एकमात्र रेपो दरों में बढ़ोतरी, महंगाई रोकने का कारगर उपाय साबित होगा, दावा नहीं किया जा सकता। दरअसल, भारत में महंगाई बढ़ने की कई वजहें होती हैं। जिस साल मानसून अच्छा नहीं रहता या अनियंत्रित रहता है, उस साल कृषि उपज खराब होती है और खानेपीने की चीजों की कीमतें एकदम से बढ़ जाती हैं। फसलें अच्छी होती हैं, तो कीमतें नीचे आ जाती हैं। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में महंगाई घटने के पीछे मुख्य वजह यही मानी गई। फिलहाल औद्योगिक क्षेत्र में अपेक्षित गति नहीं लौट पाई है। निर्यात का रुख नीचे की तरफ है। कई देशों के साथ व्यापार घाटा लगातार बढ़ रहा है। रोजगार के नए अवसर पैदा नहीं हो पा रहे, जिसकी वजह से लोगों की क्रय शक्ति नहीं बढ़ पा रही। तेल की कीमतें अब भी काबू से बाहर हैं। ऐसे में महंगाई की दर अब लोगों की सहन क्षमता से अधिक है। फिर रेपो दरों में बढ़ोतरी का उपाय आजमाने से औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिसका सीधा असर देश की विकास दर पर पड़ता है। यानी इस तरह संतुलन बिठाना मुश्किल रहेगा।

# अवधेश नारायण त्रिपाठी: एक शख्सियत का ऐसे चला जाना

उत्तर प्रदेश सरकार व्यापार कर संघ के अध्यक्ष रहे पूर्व प्रशासनिक अधिकारी अवधेश नारायण त्रिपाठी, 35 दिन जीवन मृत्यु से संघर्ष करने के बाद जीवन की लड़ाई हार गए अब वह हमारे बीच वापस नहीं आएंगे। उनकी



विशेषता थी उनकी मौन उपस्थिति, अपने होने का कम-से-कम एहसास कराना। घंटों चुप बैठकर बस देखना और सुनना। और कोई बात छेड़ दी जाए तो उसका संक्षिप्त-सा ऐसा उत्तर देना जिसमें ऋषि-सी गहराई भी होती, और बालक-समान भोलापन भी। उनका मौन देखकर कौन कहता कि यह वही प्रशासनिक अधिकारी है जो उत्तरप्रदेश व्यापार कर संघ के अध्यक्ष के तौर पर नारायण दत्त तिवारी से लेकर मुलायम सिंह यादव तक के सामने बेखौफ दहाड़ने के लिए प्रसिद्ध था, और राजनेताओं और नौकरशाही से तमाम तरह की मुठभेड़ों की कीमत भी जिसने निडरता से चुकाई थी। नेताओं और विभाग ने बार-बार उनकी प्रोन्नति रोकी, और वे हर बार कई साल तक हाईकोर्ट में मुकदमा लड़कर अपनी सत्यनिष्ठा का दाम चुकाते रहे। पर गरजना नहीं छोड़ा ख़ गलत बात के सामने चुप रह जाने की सलाह उन्हें खूब दी गई, पर सांसारिक व्यवहारिकता की अपेक्षा उन्होंने कष्टप्रद विद्रोह को ही चुना। प्रशासनिक सेवा में उन्हें कभी आना नहीं था। बतौर छात्र, उनका दिल था फिजिक्स और कविता में। नेतृत्व क्षमता दर्शाते हुए प्रदेश की छात्र राजनीति में भी बड़ा नाम और पद रखते थे।बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से शीर्ष अंकों से स्नातकोत्तर करने के बाद वे एक महत्वपूर्ण विषय पर पीएचडी कर रहे थे। अकस्मात उनके विद्वान गाइड की मृत्यु हो गई। प्रोजेक्ट संवेदनशील था, फंडिंग आदि में अड़चन आने लगी। आप अतिसाधारण आर्थिक पृष्ठभूमि से थे, और स्वाभिमान ने बहुत दिन तक दूसरों से माँगना स्वीकार नहीं किया। हारकर प्रशासनिक सेवा स्वीकार कर ली। पर जीवन भर वे अपने विभाग में एक आउटसाइडर (बाहरवाले) की तरह ही रहे। एक अकेला मिसफिट, एक संवेदनशील कवि, एक गहन विचारक, जो किसी और दुनिया के लिए आया था, जिसे कुछ और होना था, पर सांसारिक व्यवस्था में फँस गया। जो बाहर से सबके साथ होकर भी भीतर से एकदम एकांत में ही रहा, और ये एकांत ही उनकी विशिष्टता थी। लोग पूछते हैं आचार्य प्रशान्त जी के गुरु कौन हैं? आज तक लोग अनुमान नहीं लगा पाए? आचार्य जी को शिक्षा में विशिष्टता, गणित और भौतिकी से लगाव कहाँ से मिले हैं? आचार्य जी को कविता किसने दी? बालक प्रशांत अपनी आरंभिक कविताएं लेकर किसके पास जाता था, कौन उनका शिल्प निखारता था? प्रशांत को दुनिया भर का साहित्य किसने लाकर दिया, 8 वर्ष की उम्र में ही "फ्रीडम एट मिडनाइट" और "द वंडर दैट वाज इंडिया" उसे कौन पढ़ा रहा था? 10 की उम्र में किसी बच्चे को उपनिषद कैसे मिल सकते हैं? दो टूक सच कहने की आदत प्रशांत ने किससे सीखी? यहाँ तक कि बैडमिंटन में भी उसका एकमात्र कोच कौन था? संस्कृत किससे सीखी? हिन्दी इतनी शुद्ध कैसे बोलने लगा प्रशांत? आचार्य जी को नाम ज्ञानु किसने दिया और क्यों? क्योंकि पिताजी कबीर साहब को बहुत आदर देते थे, और उन्हें बनारस में ज्ञानी नाम से संबोधित किया जाता था। तो संत कबीर के नाम पर बालक प्रशांत का नामकरण किया गया। और हम कभी समझ नहीं पाए कि आचार्य जी को कबीर साहब विशेषतया प्रिय क्यों हैं! आचार्य प्रशांत के सृजन में श्री अवधेश नारायण त्रिपाठी को सदा याद रखा जाएगा। 3 फरवरी को विदा हुए। आचार्य जी ने हमें लिखा: "मैं जैसा भी हूँ, मुझे वैसा होने देने में उनका बड़ा योगदान रहा। बेखौफ उन्मुक्त आजादी – उन्हीं से सीखी। कविता भी उनसे मिली, कबीर साहब भी, और ऋचाएँ भी। एथलीट थे, बैडमिंटन भी उन्हीं से सीखा। हिंदी, अंग्रेजी, गणित, संस्कृत, इतिहास... । श्पिताश जैसा अधिकारपूर्ण व्यवहार उन्होंने कभी किया नहीं। मुझपर पितृसत्ता का दबाव कभी पड़ने नहीं दिया। अफसर रहे, गृहस्थ भी, पर एकदम स्पष्ट था कि दुनियादारी में उनका जी बहुत लगता नहीं था। दुनिया से उनका छत्तीस का ही आँकड़ा रहा। उनका होना प्रमाण था कि अपनी अक्खड़ अनाड़ी शर्तों पर जीना संभव है, दुनिया को सर चढ़ाए बिना। संसार से डरते सहमते उन्हें पाया नहीं। शायद मेरी चेतना के निर्बाध बढ़ने में यही उनका आशीर्वाद था। डिस्चार्ज होने वाले थे – जैसे निर्णय किया कि डिस्चार्ज होकर और बीमार जीना स्वीकार नहीं। हृदय की स्थिति अचानक से गिरी। दो हार्टअटैक। शाम 5 बजे विदा हुए। जो विदा नहीं हो सकता शायद वो मुझमें शेष छोड़ गए। अब जब पार्थिव रूप से वे नहीं हैं, उन्हें कैसे याद करूँ? एक विचारक, एक विद्रोही, एक पिता, एक कवि, कैसे? हमने आचार्य जी से पूछा। वे बोले ख़ एक प्रेमी। उनकी सबसे मूल बात थी उनका मौन, संवेदनशील प्रेम। एकदम चुप प्रेम। इतना नाजुक प्रेम जो थोड़े भी शब्दों का आघात सहन न कर पाए। उन्होंने 200 से अधिक कविताएं, कहानियाँ और लेख लिखे। कविताएं सर्वोच्च कोटि के साहित्य की श्रेणी की हैं। पर ये सारा कृतित्व उन्होंने बहुत कम लोगों को दिखाया। प्रकाशित करना तो कभी चाहा ही नहीं। उनकी कविताएं उनके मूक प्रेम का गीत हैं।

# डीजीपी के नाम पर ठगी करने के मामले में आरोपी का बेटा भी गिरफ्तार

देहरादून के विकासनगर में डीजीपी के नाम की धौंस दिखाकर दो लोगों से 10 लाख रुपये ठगने के मामले में जेल गए भारत संवैधानिक अधिकार संरक्षण मंच के राष्ट्रीय संरक्षक दौलत कुंवर के बेटे को भी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामला पुलिस के उच्चाधिकारियों से जुड़ा होने के चलते कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दौलत कुंवर को मुकदमा दर्ज कर तत्काल गिरफ्तार कर लिया था। मामले में सतीश कुमार पुत्र अनन्तराम निवासी ग्राम ढकरानी ने अपने सहयोगी संजय सिंह कटारिया की ओर से दौलत कुंवर और उसके बेटे शिवम के खिलाफ डीजीपी समेत अन्य उच्चाधिकारियों की धौंस दिखाकर अलग-अलग तिथियों पर 10 लाख रुपये ठगने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया था। कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि मुख्य आरोपी दौलत कुंवर को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मामले में वांछित चल रहे उसके बेटे को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों ने मिलकर षड्यत्र के तहत ठगी को अंजाम दिया। बता दें कि दोनों पीड़ितों पर प्रेमनगर थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज है। दौलत कुंवर ने दोनों को मुकदमे में आजीवन कारवास का भय दिखाया था। डीजीपी और उच्चाधिकारियों की धौंस दिखाकर मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगाने का झांसा देकर डोनेशन के नाम पर पैसे हड़प लिए थे। वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी।

# उत्तराखंड पुलिस भर्ती का परीक्षाफल जारी

हरिद्वार। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा का अनंतिम परीक्षाफल गुरुवार शाम घोषित कर दिया। इसे आयोग की अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। जिसमें 2293 अभ्यर्थी परीक्षा में पास हो गए हैं। परीक्षा का अंतिम परीक्षाफल गुरुवार शाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षाफल को आयोग की अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि यह अंतिम परीक्षाफल नहीं है। पुलिस कांस्टेबल के 1521 पदों के लिए दिसंबर-2022 में आयोग ने परीक्षा कराई थी। परीक्षा में सफल अभ्यार्थियों की संख्या दो हजार से भी अधिक है। सभी सफल अभ्यार्थियों के अनंतिम परीक्षाफल को आयोग ने उनके अभिलेखों के सत्यापन के उद्देश्य से जारी किया है। अभिलेख सत्यापन के बाद अंतिम परीक्षा परिणाम जारी किया जाएगा। आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने कहा कि आयोग ने पूर्व में ही परीक्षाफल तैयार कर लिया था। आयोग की ओर से इसकी जांच का अनुरोध एसआइटी से किया गया था।

# आरएएन के विद्यार्थियों का जे.ई.ई. मेन्स (इंजीनियरिंग) में उत्कृष्ट प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जे.ई.ई. मेन्स का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही आरएएन विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। परीक्षा में विद्यालय के आठ छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया, परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र/ छात्राओं में रिशित सैनी- 99.86. अंश अग्रवाल- 99.2, आयुष परिहार-98.99, भूमिका बिष्ट- 96.85,आयुष मक्कड़ -95.45, ईशान गुप्ता-94.99, अनुष्का तिवारी, अभिनव अग्रवाल आदि शामिल हैं। बच्चों की इस उत्कृष्ट सफलता से गद्‌गद होकर विद्यालय संस्थापक विंग कमाण्डर एच.के.राय, प्रबंधक मोहित राय, प्रशासिका श्रीमती निधि राय, विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट ने मिलकर बच्चों एवं अभिभावक गण को बधाई दी तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की।

# मोबाइल में प्रवेश-पत्र दिखाकर भी मुफ्त यात्रा कर सकेंगे अभ्यर्थी

देहरादून। राज्य लोक सेवा आयोग की ओर से 12 फरवरी को दोबारा कराई जा रही लेखपाल भर्ती परीक्षा में सरकार ने मोबाइल पर प्रवेश-पत्र की प्रति दिखाने वाले अभ्यर्थियों को भी मुफ्त यात्रा का लाभ देने का आदेश दिया है। सरकार ने उन्हें प्रवेश-पत्र के आधार पर उत्तराखंड परिवहन निगम की साधारण बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा के आदेश तो पहले ही कर दिए थे, लेकिन अब इसमें संशोधन करते हुए नया आदेश जारी किया गया। परीक्षा देने के लिए दूसरे राज्य से आने वाले अभ्यर्थी उत्तराखंड की बस में मुफ्त यात्रा कर सकेंगे। अभ्यर्थियों के लिए मुफ्त यात्रा की सुविधा गुरुवार से शुरू हो गई। वह 12 फरवरी तक किसी भी दिन अपने गंतव्य स्थल से परीक्षा स्थल तक मुफ्त यात्रा कर सकेंगे, जबकि लौटते हुए वह 12 से 15 फरवरी तक इसका लाभ ले सकेंगे। इससे पर्वतीय व दूरस्थ क्षेत्रों के अभ्यर्थियों को लाभ होगा, जिन्हें परीक्षा स्थल वाले शहर तक पहुंचने के लिए एक से दो दिन का समय लगता है। परिवहन निगम प्रबंधन ने पहले परीक्षा के दिन अभ्यर्थियों को प्रवेश-पत्र की मूल प्रति दिखाने के आधार पर साधारण बसों में मुफ्त यात्रा का आदेश जारी किया था। अब गुरुवार को इस आदेश में संशोधन करते हुए नया आदेश जारी किया गया। निगम के महाप्रबंधक दीपक जैन की ओर से जारी आदेश में बताया गया कि अभ्यर्थी यदि अपने मोबाइल में प्रवेश-पत्र की प्रति दिखाते हैं तो उन्हें भी मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। यदि कोई अभ्यर्थी दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश या हरियाणा से आ रहा है तो वह भी उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेगा।

# रविंद्र सिंह रावत बने यूएसएफ के जिला अध्यक्ष

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। यूएसएफ के कुमाऊं मंडल संयोजक देवेश सेन ने संगठन का विस्तार करते हुए रविंद्र सिंह रावत को सर्व सहमति से जिला अध्यक्ष नैनीताल के पद पर नियुक्त कर उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि रविंद्र सिंह रावत संगठन की रीति नीति को आगे बढाते हुये कार्य करेंगे। उक्रांद के केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल ने कहा कि रविंद्र सिंह रावत को नई जिम्मेदारी मिलने पर संगठन काफी मजबूत होगा। रविंद्र के मनोनयन मे जिला अध्यक्ष दिनेश चंद्र भट्ट, कमल सिंह परगाई, हर्ष तिवारी, मंगल भंडारी, अविनाश जोशी, राहुल रौतेला, विक्की कोरंगा, आदित्य जोशी, नरेंद्र सिंह थायत आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# स्पा सेंटरों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

देहरादून पुलिस ने राजधानी के स्पा सेंटरों पर दो दिनों तक ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। इस दौरान कहीं कैमरे खराब मिले तो कहीं आने वालों का रिकॉर्ड ही नहीं रखा जा रहा था। कई और अनियमितताएं मिलने पर 61 स्पा सेंटरों को बंद करा दिया गया और 32 का पुलिस एक्ट में चालान हुआ है। इनसे 2.70 लाख रुपये वसूले गए हैं।वहीं, वर्तमान में चल रहे स्पा सेंटरों में नियमों का पालन कराने के लिए एसएसपी ने सभी एसओ और एसएचओ को निर्देश दिए हैं। एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने बताया कि स्पा सेंटरों में लगातार अनियमितताओं की शिकायतें मिल रही थीं। कहीं सीसीटीवी कैमरे नहीं चल रहे थे तो कोई आने-जाने वालों का रिकॉर्ड नहीं रख रहा था।ऐसे में सभी एसओ-एसएचओ को मंगलवार और बुधवार को अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। इन दो दिनों में स्पा सेंटरों पर कार्रवाई की गई है। पूरी तरह बंद कराए गए स्पा सेंटरों को हिदायत दी गई है कि सभी नियम पूरी होने पर ही उन्हें चलने दिया जाएगा।दावा किया जाता है कि स्पा सेंटरों में प्रशिक्षित स्टाफ ही थेरेपी करते हैं। लेकिन, कई जगह ऐसा नहीं पाया गया। एसएसपी ने बताया कि स्पा सेंटरों को निर्देशित किया गया है कि इनमें नियुक्त थेरेपिस्ट डिग्री धारक और डिप्लोमा धारक प्रशिक्षित व्यक्ति हो। कोई भी अकुशल थेरेपिस्ट या कर्मी काम नहीं करेंगे।एसएसपी ने बताया कि स्पा सेंटरों की शिकायत मिली है कि यहां फर्जी डिप्लोमा और डिग्रीधारकों से काम कराया जा रहा है। ऐसे में पुलिस को निर्देश दिए गए हैं कि इनकी डिग्रियों और अन्य प्रमाण पत्रों का भी सत्यापन किया जाए। यदि किसी की डिग्री और प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए तो कार्रवाई होगी। पिछले साल एसएसपी ने सभी स्पा सेंटर संचालकों को कर्मचारियों के सत्यापन कराने के निर्देश दिए थे। लेकिन, शहर में ऐसे करीब 40 स्पा सेंटर मिले, जहां काम करने वाली युवतियों और अन्य कर्मचारियों का सत्यापन नहीं कराया गया था। इन सभी को बंद करा दिया गया है। इसके अलावा 21 सेंटर ऐसे बंद किए गए हैं, जहां रजिस्टर मेंटेन नहीं किए गए थे।

# महिला समेत दो और फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार

देहरादून। पुलिस ने महिला समेत दो और फर्जी डॉक्टरों को गिरफ्तार किया है। दोनों ने डिग्रियां प्रैक्टिस करने के लिए नहीं बल्कि सरकारी नौकरी हासिल करने के लिए खरीदी थीं। महिला ने तो 12वीं की मार्कशीट भी 50 हजार रुपये देकर फर्जी बनवाई थी। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने बताया कि इस मामले में अब तक 15 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। इनमें से 11 फर्जी डॉक्टर हैं। जबकि, एक मास्टरमाइंड इमलाख और आईएमसी के तीन कर्मचारी शामिल हैं। पुलिस टीम ने बुधवार को अशफाक निवासी बेसरो, फतेहपुर, सहारनपुर और ज्योति निवासी दादा पट्टी, हसनपुर, भगवानपुर, हरिद्वार को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में ज्योति ने बताया कि वह छुटमलपुर के कृष्णा कॉलेज में रिसेप्शनिस्ट थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात इमलाख से हुई। इमलाख ने उसे बीएएमएस की डिग्री दिलाने की बात कही। लेकिन, इसके लिए बायोलॉजी से इंटरमीडिएट पास होना जरूरी था। इमलाख ने उससे 50 हजार रुपये लिए और इंटरमीडिएट की मार्कशीट भी मुहैया करा दी। इसके बाद उसे बीएएमएस की डिग्री भी सात लाख रुपये में दे दी। इसी तरह अशफाक ने पुलिस को बताया कि उसने डीयूएमएस का कोर्स किया था। इमलाख से मुलाकात हुई तो उसने डॉक्टरी कराने का झांसा दिया। सात लाख रुपये देकर उसने इमलाख से फर्जी डिग्री हासिल कर ली। एसएसपी ने बताया कि दोनों कहीं प्रैक्टिस नहीं कर रहे थे। दोनों को इंतजार था कि कहीं सरकारी नौकरी निकलते तो आवेदन करेंगे। इसके बाद इमलाख से सेटिंग कर सरकारी नौकरी हासिल कर लेंगे। लेकिन, इससे पहले ही पुलिस ने भंडाफोड़ कर दिया। आरोपियों से अन्य लोगों के बारे में भी पूछताछ की गई है। एसएसपी ने बताया कि इस मामले में और भी गिरफ्तारियां होनी हैं।

# एनयूजेआई ने कराया माघी खिचड़ी का आयोजन

## बागनाथ मंदिर में डीएम, पालिकाध्यक्ष, पूर्व विधायक ने लिया खिचड़ी प्रसाद

बागेश्वर(उद संवाददाता)। एनयूजेआई बागेश्वर जिला इकाई द्वारा बागनाथ मंदिर में माघी खिचड़ी का आयोजन किया गया। माघी खिचड़ी में तीन हजार लोगों ने माघी खिचड़ी का प्रसाद लिया। एनयूजेआई जिलाध्यक्ष गोविन्द मेहता के नेतृत्व में आयोजित माघी खिचड़ी में जिलाधिकारी अनुराधा पाल,पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा, सहित वृक्ष मित्र किशन सिंह मलड़ा, मन्दिर कमेटी अध्यक्ष नन्दन सिंह रावत सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों सहित चार हजार लोगो ने खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया।वही डीएम अनुराधा पाल ने परिवारजनों के साथ बाबा बागनाथ में पूजा अर्चना कर जिले की खुशहाली का आशीर्वाद मांगा,जिले की मुखिया द्वारा आम नागरिक की तरह भक्तों के बीच खिचड़ी भोग का प्रसाद ग्रहण किया, वही पत्रकार संगठन एनयूजेआई द्वारा आयोजित खिचड़ी आयोजन के पहल की सराहना करते हुए बाबा बागनाथ से जिले के सुख सम्रद्धि और खुशहाली की कामना की।वही पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने पत्रकारों को चौथा स्तम्भ बताते हुए समाज को जागरूक करने के साथ साथ भक्ति भाव से किए गए खिचड़ी आयोजन की सराहना की, पूर्व विधायक



ललित फर्स्वाण ने खिचड़ी भोज के आयोजन के द्वारा आमजनता के साथ विशेष समन्वय स्थापित करते हुए सेवा समर्पण भाव से बाबा बागनाथ धाम में हजारों लोगों को खिचड़ी भोग करवाकर की गई सेवाभाव को सराहनीय बताया,पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा,कोतवाल कैलाश नेगी, इंस्पेक्टर टीआर बगरेठा,इंस्पेक्टर अनिल नयाल,एसएसआई खष्टी बिष्ट, एसआई मीणा राणा,सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने भी माघी खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया, वही एनयूजेआई पदाधिकारियो द्वारा आजन्म अंधे और दिव्यांग लोगों को भी भंडारे में सेवा भाव से उन्हें खिचड़ी भोग कराया, वही उनसे बागनाथ जी से सभी लोगों की सम्रद्धि का आशीर्वाद भी लिया।वही पत्रकारों के अलावा सूचना और पुलिस विभाग के कर्मियों द्वारा सेवाभाव कर खिचड़ी आयोजन में प्रसाद वितरण और सहयोग प्रदान किया गया। खिचड़ी भोग कार्यक्रम में दम्पत्ति पत्रकार योगेश नगरकोटी और सुस्मिता नगरकोटी द्वारा विशेष सहयोग किया गया, वही खिचड़ी आयोजन में जिले के समाचार जगत में घर घर तक अपने समाचार चौनल सीसीएन के मालिक और संरक्षक महेश जोशी, वरिस्ठ पत्रकार परसीलाल वर्मा, पूरन दोसाद,संरक्षक जगदीश उपाध्याय, सुरेश पांडे, घनश्याम जोशी, प्रेस क्लब अध्यक्ष चंदन परिहार,हरीश नगरकोटी, अशोक लोहुमी, गणेश उपाध्याय, हिमांशु गढ़िया ,बसंत चंदोला, अनिल पांडे,अर्जुन राणा, मनोज कुमार, मनोज टँगड़िया, विजय कुमार, कमल कोरंगा, ललित कुमार, सूचना विभाग के दीप भट्ट सुनील कुमार नवीन कुमार,केशर सिंह आदि ने खिचड़ी आयोजन में सहयोग प्रदान किया।

# सिडकुल की फैक्टरी में महिला श्रमिक की घायल होने से मौत

सितारगंज(उद संवाददाता)। सिडकुल की एक फैक्टरी में कार्यरत महिला श्रमिक डयूटी के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गई। कर्मचारियों ने महिला को निजी अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ फैक्टरी में मशीन की चपेट में आने से महिला घायल हो गई थी। निर्मलनगर गांव निवासी वैभव सरदार ने बताया कि उसकी मां कनिका सरदार (48) सिडकुल की एक फैक्टरी में नौकरी करती थी। रोजाना की तरह बृहस्पतिवार को भी उसकी मां ड्यूटी पर गई थी। कुछ समय बाद उन्हें सूचना मिली कि परिजनों ने लगाया मशीन की चपेट में आने से मौत होने का आरोप उनकी मां घायल हो गई है। कर्मचारी कनिका सरदार को निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस पर महिला को सीएचसी लाया है। परिजनों का आरोप है कि कनिका सरदार गया और पुलिस को सूचना दी फोटो गई। वैभव अपने मामा जयनगर गांव निवासी विश्वजीत और अन्य ग्रामीणों के साथ अस्पताल पहुंचे। विश्वजीत ने बताया कि लगभग तीन घंटे तक अस्पतालों में जानकारी लेने के लिए दौड़ते रहे लेकिन फैक्टरी अधिकारियों के मोबाइल बंद होने से जानकारी नहीं मिल सकी शाम को कनिका का शव सितारगंज अस्पताल में मिला। सूचना पर टीम के साथ पहुंचे एसएसआई विनोद फर्त्याल ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वैभव ने बताया कि उनकी मां 15 वर्षो से मशीन पर ऑपरेटर का काम करती थीं। आरोप लगाया कि फैक्टरी में ड्यूटी के दौरान सुरक्षा उपकरण नहीं थे। विश्वजीत ने आरोप लगाया कि उसकी बहन कनिका के बारे में फैक्टरी प्रबंधन की ओर से जानकारी तक नहीं दी गई।फैक्टरी के एचआर हेड नवीन जोशी ने बताया कि वह अवकाश पर थे। उन्हें कनिका की मौत की जानकारी मिली है। वह पूरे प्रकरण की जानकारी ले रहे हैं। मौत कैसे हुई इसका पता किया जा रहा है। एसएसआई ने बताया कि तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई होगी।

# 29 रूपये प्रति कुंटल भाड़े का विरोध

चोरगलिया (उद संवाददाता)। खनन कारोबारियों ने अपने हक की लड़ाई के लिए कमर कस ली है । गौला संघर्ष समिति व नंधौर खनन समिति पिछले कई महीनों से अपनी मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं, कल चोरगलिया में स्थित स्टोन क्रेशर द्वारा वाहनों से आने वाले मटेरियल के रेट खोले गए, जिसका चोरगलिया खनन समिति द्वारा विरोध किया। स्टोन क्रेशर द्वारा 29 प्रति कुंटल का भाड़ा खोला



गया, जिसका खनन कारोबारियों ने विरोध किया। शुक्रवार को खनन समिति ने नंधौर नदी में स्थित सभी गेटों पर नजर रखी और किसी भी प्रकार के वाहनों की निकासी नहीं होने दी। स्टोन क्रेशर से हो रहे ओवरलोड वाहनों को भी रोका गया।जिसकी सूचना चोरगलिया थाने में भी दी गई। फिलहाल खनन समिति का साफ तौर पर कहना है जब तक पूर्व की भांति 108 क्विंटल की निकासी व स्टोन क्रेशर द्वारा उच्च भाड़ा तय नहीं किया जाता है, तब तक सभी गेटों से किसी भी प्रकार की निकासी व स्टोन क्रेशर से किसी प्रकार की निकासी नहीं करी जाएगी।

# प्रतिभा अपार पर आर्थिक तंगी ने किया लाचार

## कमल और जय आर्थिक तंगी के कारण एशियाई जुजित्सू चैम्पियनशिप में नही कर पाएंगे भारत का प्रतिनिधित्व

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कहते हैं प्रतिभा को कोई कितना भी दबा ले, दबता नहीं है। लेकिन, जब सामने एक नहीं कई परेशानियां हो तो हौसले पस्त होने लगते हैं। आखिरकार गरीबी के आगे जिले की खेल प्रतिभा ने दम तोड़ ही दी। खेल अधिकारियों से लेकर विधायकों तक लगाई गई खिलाड़ियों की गुहार काम नहीं आई। वहीं, आर्थिक कमजोर वाले लोगों की मदद करने की दंभ भरने वाली जिले की सामाजिक संस्थाएं भी इनकी पीड़ा नहीं समझ पाई। आलम यह है कि दिनांक 24 से 28 फरवरी तक बैंकॉक थाईलैंड में अयोजित होने वाली सातवीं एशियन जुखजित्सू चौंपियनशिप में जिले के कमल सिंह और जय प्रकाश आर्थिक तंगी के कारण भारत का प्रतिनिधित्व नहीं कर पा रहे है। उनके प्रशिक्षक ऋषि पाल भारती ने बताया कि प्रतियोगिताओं में शामिल होने के लिए आर्थिक परेशानियों का



सामना कर रहे इन खिलाड़ियों की पीड़ा कोई नहीं सुन रहा है। अब तक स्वयं के पैसे से विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके ये खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा के लिए आयोजित चयन प्रतियोगिता में इसलिए शामिल नहीं हो पा रहे, क्योंकि इनके पास न तो किराया देने के लिए पैसा है। भारती ने बताया कि वह स्वयं भी पिछले 10 वर्षों से श्री दुर्गा मंदिर धरमशाला रुद्रपुर में निर्धन खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। और प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। और ज्यादातर वह अपने पैसों से ही खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करवाते हैं।कमाल और जय बहुत ही होनहार खिलाड़ी हैं जोकि राष्ट्रीय, साउथ एशिया एवं एशियन प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त कर चुके हैं। एवं उनकी मदद के लिए सोशल के माध्यम से अनेकों लोगों से मदद की गुहार लगा रहे हैं। सही समय पर इन दोनों खिलाड़ियोंकी मदद और साथ देना उनके लिए वरदान हो सकता है।

## पेज एक का शेष...

**सरकार के खिलाफ...**कलक्ट्रेट का मुख्य गेट बंद किया। बेरोजगार युवाओं ने व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद करवा दिये। बेरोजगार युवाओं पर पर देहरादून में हुए लाठीचार्ज के विरोध में एनएसयूआई यूकेडी कांग्रेश समेत कई संगठनों की ओर से कोटद्वार में जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया गया। एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने तहसील से खदेड़ दिया। प्रदर्शनकारी मुख्यमंत्री का पुतला लेकर फूंकने पहुंचे थे। नई टिहरी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पेपर घोटालों की सीबीआई जांच की मांग की। विकासनगर मंडी चौक पर छात्र नेताओं ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। वहीं गुस्साए यमुनाघाटी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने यमुनोत्री हाइवे पर प्रदर्शन कर भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं चमोली में भी युवाओं ने प्रदर्शन किया। हल्द्वानी के रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट पर उत्तराखंड लोक सेवा आयोग उत्तराखंड पुलिस व उत्तराखंड सरकार की संयुक्त शव यात्रा निकाली गई। इससे पहले बुध पार्क में गीता पाठ किया गया। युवाओं ने बुद्ध पार्क में धरना प्रदर्शन किया और आगे की रणनीति तैयार की। सभा में युवाओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर गुबार निकाला और भर्तियों में घोटालों की सीबीआई जांच की मांग की। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। युवाओं ने हा कि तत्काल सख्त नकलरोधी कानून लागू किया जाए, नकल करके नौकरी पाने वालों की सूची सार्वजनिक की जाए और भर्ती घोटालों की जांच पूरी होने और नकलरोधी कानून लागू होने के बाद ही भर्ती परीक्षाएं कराई जाए। उधर रूद्रपुर में विरोध प्रदर्शन की संभावना को देखते हुए जगह जगह पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर नजर आया।

**लाठीचार्ज के खिलाफ....**मोहसिन रजा,जगन्नाथ सरकार, जसपाल बिष्ट,उमर अली, विजय अरोड़ा, महामंत्री बाबू खान, संतोष गुप्ता, फरमान सिददीकी, सुनील आर्य, बाबू विश्वकर्मा, सपना गिल, अर्जुन विश्वास ,प्रकाश अधिकारी, अभिजीत आदि कार्यकर्ता थे। **काशीपुर**–भर्ती घोटालों की जांच की मांग कर रहे बेरोजगारों पर की गई लाठीचार्ज के विरोध में आज महाराणा प्रताप चौक पर महानगर कांग्रेस कमेटी से जुड़े कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए भाजपा सरकार का पुतला दहन किया। वक्ताओं ने कहा कि राज्य में हालात बद से बदतर बने हुए हैं तथा युवा छात्र यूकेपीएससी और यूके एसएससी परीक्षा आयोग में सुधार की मांग को लेकर गांधी पार्क में बेरोजगार युवा आंदोलन कर रहे थे। इस प्रदर्शन के दौरान सरकार के इशारे पर पुलिस द्वारा बेरहमी से लाठी चार्ज किया गया है। जिसकी कांग्रेस पार्टी निंदा करती है। यह मांग करती है कि इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच हो तथा भर्ती घोटालों की निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि बेरोजगार उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की जांच, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की निगरानी में घोटालों की सीबीआई जांच, नकलचियों के नाम सार्वजनिक करने और नकल विरोधी कानून के तहत कार्रवाई की मांग कर रहे हैं लेकिन सरकार के इशारे पर पुलिस–प्रशासन ने आंदोलन को कुचलने के लिए लाठीचार्ज की है। पुतला दहन कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस जनों में महा नगर अध्यक्ष संदीप सहगल एडवोकेट अरुण चौहान सफीक अहमद अंसारी इंदर सिंह एडवोकेट अब्दुल सलीम एडवोकेट मंसूर अली मेफेयर आदि तमाम कांग्रेस जन मौजूद रहे। **सितारगंज** – देहरादून में भर्ती घोटाले की जांच की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे बेरोजगार युवकों पर सरकार के इशारे पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक किये गये लाठीचार्ज के विरोध में नगर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेसजनो ने मुख्य चौक पर प्रदेश की भाजपा सरकार का पुतला फूँककर रोष प्रकट किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि बड़े दुर्भाग्य की बात है कि युवाओ को रोजगार देने के वजाए यह सरकार लाठी मारने का कार्य कर रही है। इस दौरान कांग्रेसजनों ने प्रदेश सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन करते हुये जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर कांग्रेस नगराध्यक्ष सरताज अहमद, ब्लाक अध्यक्ष हरप्रीत सिंह हैप्पी,नवतेजपाल सिंह, रामनगीना प्रसाद, जिलानी अंसारी, मुख्तयार अहमद, सध्द्दाम मलिक, हरविन्दर सिंह, विपिन खेलिया, वसीम मियां, राहुल कुमार, जानकी कोली, सरस्वती बाला, इश्मिता आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

**कार और ट्रक की ...**उड़ गए। इस दौरान कार में सवार नीलम रानी, सुमन रानी, पूनम, वयोवृद्ध मलिक दिता, गंभीर रूप से घायल हुए जिन्हें तत्काल उपचार के लिए मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां जीवन मृत्यु से संघर्ष करते हुए नीलम ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। दुर्घटना में घायल सुमन रानी की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। एक्सीडेंट की घटना में साढ़े तीन वर्षीय बच्ची नवरीत को भी चोटें आई हैं। मृतका का भाई वीरेंद्र एक्सीडेंट की घटना में साफ बच गया। बताते हैं कि घटना के वक्त कार वीरेंद्र कुमार चला रहा था। मृतका नीलम अपने पीछे 12 वर्षीय पुत्र सूर्यांश तथा साडे 3 वर्षीय पुत्री नवनीत को रोता बिलखता छोड़ गई। एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल नीलम को गुरुवार की सुबह निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों ने बताया कि इलाज के दौरान अपराहन लगभग 1:00 बजे उसकी मृत्यु हो गई। मृतका के परिजन उसका पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे। इस बाबत उन्होंने तमाम कोशिश की लेकिन सभी प्रयास विफल रहे। यही कारण है कि मृतका के अंत्य परीक्षण में विलंब हो गया। बताते है कि मृतका का पति बंसीलाल प्राइवेट सेक्टर में इंजीनियर है। इसी तरह वीरेंद्र भी इंजीनियरिंग के कार्य से जुड़ा है।

**दहेजलोभियो ने ...**को बताया कि 2 बच्चों को जन्म देने के बाद भी लोभी ससुरालियों के बर्ताव में कोई बदलाव नहीं आया वह उसे लगातार प्रताड़ित करते रहे। छोटी–छोटी बातों पर गाली गलौज मारपीट और घर से निकालना दिनचर्या में शामिल हो गया। इस बीच वर्ष 2020 की 21 जनवरी को उसका पति सास की जमीन पर एक लाख रुपयों का लोन ले लिया तथा पत्नी के कीमती जेवरात बेचकर जापान चला गया। पति के विदेश जाने के बाद विवाहिता को ससुराल वालों द्वारा बुरी तरह प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि संबंधियों के समझाने बुझाने पर वह ससुराल गई लेकिन 2020 की 13 जून को लोभी ससुरालियों ने उसके दो मासूम बच्चों के साथ उसे धक्के मार कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर काउंसलिंग के बाद पति समेत उपरोक्त सभी पांचों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

**नवजात का शव मिलने...**रोड पर स्थित इन्द्रानगर चौक पोस्ट से करीब 50 मीटर पहले गौला जंगल गौला बाईपास रोड से करीब 50 मीटर की दूरी पर पूरब दिशा में एक बडे गड्ढे में एक नवजात शिशु का शव दिखाई दिया। जिसके शरीर पर कोई कपड़ा नहीं था। बच्चे का आधा शरीर बालू के अन्दर व आधा शरीर बालू के ऊपर दिखाई दे रहा था। जिस पर मक्खियाँ भिन–भिना रही थी।शिशु करीब 9 माह का बालक प्रतीत हो रहा था। बच्चे की नाल पर नीले रंग का क्लिप (क्लोजर) लगा था। शव से तीव्र गंध आ रही थी। शिशु का शव करीब 2–3 दिन पुराना प्रतीत हो रहा था। शिशु के शरीर के पास एक जले हुआ कपडे की राख व कपडे का कुछ अधजला भाग भी पड़ा था। एक साड़ी से शव को ढंकने का प्रयास किया गया था। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस का अनुमान है कि जन्म के बाद बच्चे की मृत्यु हो जाने के बाद उसे यहां रखा गया लेकिन अमर्यादित तरीके से इंसानी शव को इस तरह फेंकना भी अपराध है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

**गोपीपुरा के जुगल..**नामक युवक ने बच्चियों के साथ अश्लीलता शुरू कर दी। बच्चियों ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी युवक ने बच्चियों से गाली–गलौज करते हुए मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 354/ 323/ 504 के अलावा पोक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर जरूरी पूछताछ के बाद अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

**स्मैक समेत...**को धर दबोचा। पुलिस की गाड़ी पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम मोहल्ला लक्ष्मीपुर पट्टी वार्ड नंबर 9 निवासी फरमान अली पुत्र मोहम्मद उस्मान बताया। जामा तलाशी में उसके कब्जे से पुलिस को 05:16 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। जरूरी पूछताछ के बाद पकड़े गए नशा कारोबारी का पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

**सरकारी एम्बुलेंस...**वहां आये तो उक्त व्यक्ति धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पीड़ित एम्बुलेंस चालक का कहना है कि मारपीट के दौरान उसके हाथ से सोने की अंगूठी भी गायब हो गयी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**डोडा के साथ..**गया। मामले में आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस पंजीकृत किया गया है। पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजेश पाण्डेय, उपनिरीक्षक महेश चन्द्र, कांस्टेबल दर्शन सिंह, कांस्टेबल मोहन चन्द्र भट्ट, कांस्टेबल विमल टम्टा आदि शामिल थे।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा    एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा    समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# लाठीचार्ज और पथराव की मजिस्ट्रेटी जांच के निर्देश

## उत्तराखंड बेरोजगार संघ के प्रदेश अध्यक्ष व 300 प्रदर्शनकारी युवा गिरफ्तार
## पत्थरबाजी कर कई दुकानों और पुलिस के कई वाहनों को किया क्षतिग्रस्त





देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में लगातार हो रही सरकारी भर्ती परीक्षाओं में धांधली और पेपर लीक में शामिल आरोपियों की सीबीआई जांच की मांग कर रहे युवाओं का प्रदर्शन बृहस्पतिवार को उग्र हो गया। बेरोजगारों ने बुधवार रात हुई पुलिस की कार्रवाई का विरोध करते हुए राजपुर रोड जाम कर दी। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने समझाने का प्रयास किया लेकिन युवा नहीं माने। आक्रोश बढ़ता देख पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इससे भड़के युवाओं ने पुलिसकर्मियों पर पथराव कर उन्हें दौड़ा दिया। पीएसी की मदद से लाठीचार्ज कर युवाओं को तितर-बितर किया गया। इस दौरान कई मीडिया कर्मियों को भी पथराव का सामना करना पड़ा। इसके बाद भी वे नहीं माने तो करीब 300 युवाओं समेत उत्तराखंड बेरोजगार संघ के प्रदेश अध्यक्ष बॉबी पंवार को गिरफ्तार कर सुद्धोवाला जेल भेजा गया। इस प्रदर्शन और उपद्रव के दौरान कई युवा बेहोश भी हुए। साथ ही पथराव में कई पुलिसकर्मियों को भी चोट आई। युवाओं की पत्थरबाजी से कई दुकानों और पुलिस के वाहनों को भी नुकसान पहुंचा है। पुलिस और आम लोगों के वाहन व दुकानें तो क्षतिग्रस्त हुए ही, पुलिस और प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी भी घायल हो गए। सीसीटीवी फुटेज खंगालकर इन बाहरी तत्वों की पहचान की जा रही है। सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु को गांधी पार्क में धरने के दौरान पथराव और लाठीचार्ज से उत्पन्न हालात की मजिस्ट्रेटी जांच के निर्देश दे दिए हैं। नामित जांच अधिकारी सभी तथ्यों और परिस्थितियों की जांच कर रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराएंगे। जारी आदेश में कहा गया है कि बुधवार को गांधी पार्क में धरने के दौरान की घटना और बृहस्पतिवार को देहरादून में बेरोजगार संघ के धरने के दौरान हुए पथराव की वजह से कानून व्यवस्था की विषम परिस्थिति उत्पन्न हो गई थी। मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था की इन परिस्थितियों और लाठीचार्ज के पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जांच के निर्देश दिए। प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं में हुए घोटाले की सीबीआइ जांच व नकलरोधी कानून लागू होने तक भर्ती परीक्षाएं स्थगित करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रही भीड़ और पुलिस के बीच गुरुवार को टकराव हो गया। उग्र भीड़ ने पुलिस पर जमकर पथराव किया। पुलिस के वाहनों को भी निशाना बनाया। देखते ही देखते स्थिति बेकाबू हो गई। पुलिस ने स्थिति को संभालने के लिए लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया। पथराव और लाठीचार्ज में प्रेमनगर के थानाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट समेत 20 से अधिक लोग चोटिल हो गए। घायलों में प्रदर्शनकारी भी शामिल हैं। इनमें कुछ को अस्पताल में प्राथमिक उपचार देना पड़ा। पथराव से पुलिस के पेट्रोलिंग वाहन के शीशे टूट गए। कुछ दोपहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। शहर का मुख्य मार्ग जाम कर रहे प्रदर्शनकारियों को समझाने के लिए पहुंची डीएम सोनिका, एसएसपी दलीप सिंह कुंवर और सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान समेत कुछ अधिकारियों पर भीड़ की तरफ से प्लास्टिक की बोतलें भी फेंकी गईं। इस घटनाक्रम के चलते राजपुर रोड पर घंटाघर से एस्लेहाल तक छह घंटे वाहनों की आवाजाही ठप रही। इसका असर शहर के अन्य मार्गों की यातायात व्यवस्था पर भी पड़ा। देर शाम पुलिस ने उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बाबी पंवार सहित 60 प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने अराजकता फैलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद किसी तरह राजपुर रोड पर यातायात सुचारु करवाया। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुए घटनाक्रम की आंच प्रदेश के अन्य जिलों तक भी पहुंची। यहां भी बेरोजगार युवाओं ने प्रदर्शन कर सरकार पर जमकर हमला बोला।

## बाहरी और अराजक तत्वों ने किया पथराव:एसएसपी

देहरादून। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर का कहना है कि अराजक तत्वों ने माहौल खराब करने की कोशिश की है। गांधी पार्क के सामने पुलिस पर पथराव किया गया। दुकानों में तोड़फोड़ की गई। इससे सरकारी वाहनों को नुकसान पहुंचा। कई पुलिस कर्मचारी घायल हुए हैं। मजिस्ट्रेट को भी चोटें आई हैं। उपद्रवियों की पहचान की जा रही है, जिसके बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सूत्रों की मानें तो सुबह कोचिंग सेंटरों में युवा पढ़ने पहुंचे, मगर पढ़ाई के बजाय उन्हें आंदोलन में शामिल होने के लिए भेज दिया गया। संस्थानों से युवा पैदल ही गांधी पार्क पहुंचे। बताया जा रहा है कि सभी कोचिंग सेंटरों की ओर से वाट्सएप ग्रुप बनाए गए हैं, जोकि एक दूसरे के संपर्क में हैं। पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि इस मामले में कोचिंग संस्थानों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। अपर पुलिस महानिदेशक इंटेलीजेंस एपी अंशुमान ने कहा कि प्रदर्शन की सूचना तो थी, लेकिन इतनी भीड़ एकत्र हो जाएगी, इसका अंदाजा नहीं था। सूचना पर पुलिस सुबह से ही तैनात हो गई थी। जांच की जा रही है। जिस किसी की लापरवाही सामने आएगी, उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। गांधी पार्क के बाहर हुए उग्र प्रदर्शन में कोचिंग संस्थानों की भूमिका भी संदिग्ध है। कुछ कोचिंग संस्थान पुलिस के रडार पर भी हैं। पुलिस इसकी जांच कर रही है कि आखिर कोचिंग सेंटरों से इतनी बड़ी संख्या में अभ्यर्थी किस तरह घटनास्थल पर पहुंचे। यह पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## युवाओं पर लाठीचार्ज से भड़के राहुल गांधी

देहरादून। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने देहरादून में युवाओं पर लाठीचार्ज की घटना को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने ट्वीट किया कि उत्तराखंड में भाजपा सरकार का भ्रष्टाचार युवाओं की जिंदगी बर्बाद कर रहा है। राहुल ने कहा कि पेपर लीक होने से त्रस्त युवा जब अपनी जायज मांगों को लेकर सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन करने बैठे तो उन पर सरकार बर्बरता से लाठी चार्ज करा रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि सत्य को आधार बनाकर प्रदर्शन को शांतिपूर्ण रखें। सरकार भी जिम्मेदारी से कदम उठा और क्रूरता छोड़कर उनकी मांगों को सुने। वहीं दूसरी तरफ उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्रियों व प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने विपक्ष पर भड़काने काआरोप लगाया है। उन्होंने आंदोलित युवाओं से धैर्य बनाये रखने की अपील करते हुए कहा कि नकल माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही के के साथ ही निष्पक्ष परीक्षायें कराने के लिये सरकार हर संभव कोशिश कर रही है। युवाओं को किसी के बहकावे में नहीं आना चाहिये। वहीं पूर्व सीएम हरीश रावत ने सीएम धामी से युवाओं की मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की गुहारलगाई है।

# पेपर लीक से जुड़े 56 उम्मीदवारों को किया ब्लैकलिस्ट, परीक्षा नियंत्रक को हटाया

## उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने दो कर्मचारी किये निलंबित

देहरादून। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने पेपर लीक में शामिल 56 उम्मीदवारों को काली सूची में डालने के लिए नोटिस जारी कर दिया है। उनसे 15 दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। इसके बाद उन्हें काली सूची में डालते हुए उनकी सूचना वेबसाइट पर जारी की जाएगी। वहीं आयोग ने पेपर लीक के आरोप में जेल गए दो कर्मचारियों को निलंबित करने के बाद विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी। हरिद्वार एसएसपी की ओर से आयोग को पेपर लीक में शामिल उम्मीदवारों के नामों की सूची उपलब्ध कराई गई है। आयोग के अधिकारियों के मुताबिक, आठ जनवरी को हुई पटवारी-लेखपाल भर्ती के पेपर लीक में शामिल 44 अभ्यर्थियों की पहचान हुई है। वहीं, जेई-एई भर्ती की परीक्षा में पेपर लीक में शामिल 12 उम्मीदवारों की पहचान हुई। अभी दोनों मामलों की जांच जारी है। लिहाजा, अभ्यर्थियों की संख्या बढ़ सकती है। आयोग ने बृहस्पतिवार को बैठक कर इन 56 उम्मीदवारों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 15 दिन में जवाब मांगा है। इसके बाद इन्हें काली सूची (ब्लैकलिस्ट) में डालकर यह जानकारी वेबसाइट पर जारी कर दी जाएगी। आयोग ने यह स्वीकार किया है कि पेपर लीक के आरोपी संजीव चतुर्वेदी की देखरेख में पटवारी-लेखपाल भर्ती, फॉरेस्ट गार्ड परीक्षा के पेपर तैयार किए गए थे, जिन्हें नष्ट कर दिया गया है। इस साल किसी भी परीक्षा के प्रश्न पत्र निर्माण में संजीव चतुर्वेदी की भूमिका नहीं रही। आयोग ने संजीव के कार्यकाल के पेपर नष्ट कर दिए हैं। नए पैनल ने नए पेपर बनाने का काम शुरू कर दिया है। पीसीएस मुख्य परीक्षा का पेपर भी दोबारा तैयार कराया जा रहा है। सरकार ने पटवारी भर्ती पेपर लीक प्रकरण के बाद विवादों में आए उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक सुंदर लाल सेमवाल को बृहस्पतिवार को हटा दिया। उनकी जगह हरिद्वार के सिटी मजिस्ट्रेट अवधेश कुमार सिंह को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। आयोग के अति गोपनीय विभाग के ही अनुभाग अधिकारी संजीव चतुर्वेदी के पेपर लीक करने के बाद से परीक्षा नियंत्रक पर लगातार सवाल उठ रहे थे। अपर सचिव कार्मिक कमेंद्र सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया। फिलहाल सेमवाल को बाध्य प्रतीक्षा में रखा गया है।

# कठोर नकलरोधी कानून पर सीएम ने लगाई मुहर

## नकल माफिया को उम्रकैद व दस करोड़ जुर्माना, परीक्षार्थियों को दस साल जेल

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में जल्द ही देश का सबसे सख्त नकलरोधी कानून लागू होने वाला है। इसमें नकल माफिया को उम्रकैद, 10 करोड़ तक जुर्माना और नकल माफिया से मिलकर नकल करने वाले अभ्यर्थियों को भी 10 साल तक की जेल का प्रावधान किया गया है। अगर राजभवन इस पर 12 फरवरी से पहले मुहर लगा देता है तो यह कानून पटवारी-लेखपाल भर्ती से ही लागू हो जाएगा। युवाओं से किए गए वादे के अनुरूप हमारी सरकार ने देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लाने का फैसला किया है। इस हेतु संबंधित अध्यादेश को मैंने अपनी अनुमति प्रदान कर अग्रेतर कार्यवाही के लिए भेज दिया है। हम नकल माफिया को प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नही करने देंगे। कोई व्यक्ति, परीक्षा केंद्र के प्रबंधतंत्र, कोचिंग संस्थान, प्रिंटिंग प्रेस, परीक्षा के आयोजन में किसी भी जुड़े लोग पेपर लीक या अनुचित साधनों में शामिल पाए गए तो



उन्हें आजीवन कारावास और 10 करोड़ रुपये तक के जुर्माने की सजा मिलेगी। कोई परीक्षार्थी अगर नकल करते हुए पकड़ा गया तो तो उसे तीन साल की जेल और कम से कम पांच लाख के जुर्माने की सजा मिलेगी। अगर वही परीक्षार्थी दोबारा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में दोषी पाया जाता है तो उसे दस साल कारावास की सजा और कम से कम 10 लाख जुर्माना लगेगा। अगर कोई परीक्षार्थी नकल करते हुए पाया जाता है तो आरोपपत्र दाखिल होने की तिथि से दो से पांच साल के लिए उस पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। दोष सिद्ध होने पर 10 साल के लिए सभी प्रतियोगी परीक्षाओं से डिबार कर दिया जाएगा। अगर कोई परीक्षार्थी दोबारा नकल करते हुए पाया जाता है तो उसे पांच से दस साल सजा के साथ ही आजीवन सभी प्रतियोगी परीक्षाओं से डिबार कर दिया जाएगा। प्रदेश में अब नकल का अपराध संज्ञेय, गैर जमानती और अशमनीय बन जाएगा। इसके अलावा नकल माफिया अनुचित साधनों का इस्तेमाल कर जो भी संपत्ति अर्जित करेंगे, उसे सरकार कुर्क कर लेगी।

# लाठी नहीं रोजगार दो आंदोलन शुरू करेंगे : हरीश रावत

देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री एवं विपक्षी दल कांग्रेसके वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने देहरादून में मांगों को लेकर आंदोलित युवाओं पर लाठीचार्ज की कार्यवाही के साथ ही राज्य सरकार की कार्यपणाली पर निशाना साधा है साथ ही युवाओं के समर्थन में आंदोलन की चेतावनी दी है। सोशल मीडिया पर एक संदेश साझा करते हुए पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा है कि सावधान भाजपा! आप जब-जब सत्ता में आए हो आपने नौजवानों पर लाठियां भांजी हैं। क्या गुनाह है उनका नौकरी मांगना! पद रिक्त हैं, आप उनको भर नहीं रहे हैं! परीक्षाएं कर रहे हैं उनमें घपले पर घपले हो रहे हैं! अधीनस्थ सेवा चयन आयोग और पब्लिक सर्विस कमिशन ने राज्य की परीक्षा प्रणाली को हास्यास्पद बना दिया है। बच्चा इतना तो चाहता है कि उसको अपनी वास्तविक मूल्यांकन करने वाली प्रणाली दे दो, ऐसा तंत्र बनाओ जिसमें वो निर्भीक होकर के अपनी योग्यता के अनुसार परीक्षा दे सकें और परिणाम हासिल कर सकें और आप उसकी जवान चुप करने के लिए उनको जेल के दरवाजे दिखा रहे हो! रात को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की मूर्ति के सामने उपवास पर बैठे हुए लड़के और लड़कियों को आप उठाकर के ले जाते हैं! लड़कियां को उपवास स्थल से





हटाने के लिए आप महिला पुलिस का भी उपयोग नहीं करते हैं! और विरोध में नौजवान यदि सड़क पर उतर रहे हैं तो क्यों उतर रहे हैं? उसकी भावना को समझने की बजाय आप उन पर लाठियां भांजते हैं! यदि नौजवान क्रोध में आ गए थे तो उसके पास संदेश भेजते कि मुख्यमंत्री जी आपसे बात करना चाहते हैं और मैं अब भी माननीय मुख्यमंत्री जी से कहना चाहता हूं कि नौजवानों से बात करिए। पुलिस तंत्र का मैं बहुत बड़ा हिमायती रहा हूं, लेकिन कल जो कुछ नौजवानों के साथ हुआ उसने मेरा विश्वास हिला दिया है। और मैं फिर सावधान कर रहा हूं यदि आपने रोजी-रोटी के लिए लड़ रहे इन नौजवानों से बातचीत करने के बजाए इन पर अपराधिक मुकदमे लगाए तो मैं उसके विरोध में 24 घंटे का उपवास करूंगा और आवश्यकता पड़ी तो हर जिले-जिले में जाकर के उपवास करेंगे, इसको एक बड़े आंदोलन के रूप में लाठी नहीं रोजगार दो आंदोलन के रूप में राज्य के कोने-कोने पर लेकर जाएंगे और भाजपा के पतन की इबारत लिखेंगे। बेरोजगारों नौजवानों ने बंद का आवाह्न किया है, मेरा सभी देहरादून वासियों से अनुरोध है कि नौजवानों की भावनाओं का सम्मान करते हुये बंद में उनका साथ दें।